नई दिल्ली
रविवार, 21 सितंबर, 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 158
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 26


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 चाइना मास्टर्स : सात्विक-चिराग फाइनल में, चिर-प्रतिद्वंद्वी को हराया

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कल अमेरिका में ट्रेड डील के लिए रवाना हों गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 22 सितंबर को ट्रेड डील पर आगे की बातचीत के लिए अमेरिका जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से ट्रेड डील पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। उनके साथ मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल भी होंगे।



### अमूल ने घी, सहित 700 उत्पाद की कीमत घटाई

**नई दिल्ली।** अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाली जीसीएमएमएफ ने घी, मक्खन, आइस क्रीम, बेकरी और फ्रोजन स्नैक्स सहित 700 से अधिक उत्पाद पैक की खुदरा कीमतों में कमी की। कंपनी ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का फैसला किया है। नई कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।



विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, इस कदम का भारतीय उद्योग समेत सभी प्रभावित पक्ष अध्ययन कर रहे हैं

# ट्रंप ने एच-1बी वीजा की सालाना फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर की

## मामले की पड़ताल में जुटा भारत

*विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका के इस कदम से पड़ने वाले सभी प्रभावों का भारत के उद्योग सहित सभी प्रभावित पक्ष अध्ययन कर रहे हैं। उद्योग की तरफ से पहले ही एक प्रारंभिक विश्लेषण जारी किया गया है। जिसमें वीजा कार्यक्रम से जुड़ी हुई कुछ गलतफहमियों को दूर किया जा चुका है। भारत ने अमेरिकी अधिकारियों से उम्मीद जताते हुए कहा है कि वो इससे जुड़ी समस्याओं का उचित समाधान करेंगे।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ और चाबहार बंदरगाह के मामले लगाए गए प्रतिबंधों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एक और बड़ा झटका देते हुए एच-1बी वीजा से जुड़ी हुई सालाना फीस को 1 हजार डॉलर से बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक कर दिया है। जिसका भारत पर बड़े पैमाने पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। मामले की गंभीरता को भांपते हुए विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर भारत की तरफ से प्रतिक्रिया दी है।

जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें एच-1बी वीजा के संबंध में प्रस्तावित प्रतिबंधों के बारे में मीडिया में आई खबरों के माध्यम से जानकारी मिली है। अमेरिका के इस कदम से पड़ने वाले सभी प्रभावों का भारत के उद्योग सहित सभी प्रभावित पक्ष अध्ययन कर रहे हैं। उद्योग की तरफ से पहले ही एक प्रारंभिक विश्लेषण जारी किया गया है। जिसमें वीजा कार्यक्रम से जुड़ी हुई कुछ गलतफहमियों को दूर किया जा चुका है। भारत ने अमेरिकी अधिकारियों से उम्मीद जताते हुए कहा है कि वो इससे जुड़ी समस्याओं का उचित समाधान करेंगे।

भारत को अमेरिका से है उम्मीद, उद्योग और नीति निर्माता मिलकर इसका समाधान निकालेंगे




### प्रभावित होंगे दोनों देशों के आर्थिक हित

रणधीर ने बयान में इस कदम को भारत और अमेरिका के आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाला बताया है। साथ ही ये उम्मीद भी जताई कि नीति निर्माता और उद्योग मिलकर इसका कुछ हल निकाल लेंगे। क्योंकि दोनों देशों के उद्योगों का संबंध नवाचार और रचनात्मकता में साझेदारी से जुड़ा हुआ है। इसलिए हमें उम्मीद है कि वो साथ मिलकर कोई बहुत अच्छा रास्ता तय करेंगे।



### ये कदम मानवीय समस्याएं पैदा कर सकता

रणधीर जायसवाल ने कहा कि कुशल प्रतिभाओं के आवागमन और आदान-प्रदान ने दोनों देशों में तकनीकी विकास, आर्थिक वृद्धि और धन सृजन में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नीति निर्माता जरूरी कदमों का मूल्यांकन आपसी लाभ को मद्देनजर रखते हुए करेंगे। जिसमें दोनों देशों की आम जनता के बीच मजबूत संबंध का विषय भी शामिल रहेगा। ये कदम परिवारों के लिए मानवीय समस्याएं पैदा कर सकता है। क्योंकि इससे उनके जीवन में व्यवधान आएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का खुलासा

# दिसंबर 2027 में शुरू होगा बुलेट ट्रेन का पहला चरण

## किराया उचित, मध्यम वर्ग कर सकेंगे यात्रा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए शिलफाटा और घनसोली के बीच 4.88 किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का कार्य रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में शनिवार सुबह पूरा हो गया। वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि सूरत-बिलिमोरा खंड पर हाई-स्पीड कॉरिडोर का पहला चरण दिसंबर 2027 में शुरू हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि बुलेट ट्रेन मध्यम वर्ग के लिए परिवहन का साधन होगी और किराया उचित होगा। इस प्रोजेक्ट में लगभग 320 किलोमीटर के पुल या पुल का हिस्सा पूरा हो चुका है। सारे स्टेशन पर बहुत अच्छा काम चल रहा है। नदियों पर बन रहे पुल भी तेजी से पूरे हो ▶▶ शेष पेज 7 पर



### मुंबई-अहमदाबाद 2 घंटे 7 मिनट में पहुंचेंगे

रेल मंत्री ने कहा कि गूगल मैप ऐप मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय नौ घंटे दिखाता है, लेकिन बुलेट ट्रेन से लोग यह दूरी दो घंटे सात मिनट में तय कर सकेंगे। रास्ते में ठाणे, वापी, सूरत, बड़ौदा और आणद जैसे प्रमुख शहर हैं। इन सभी शहरों की अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी। वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला चरण ▶▶ शेष पेज 7 पर

रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर

# सस्ता हुआ रेल नीर... अब 15 की बोतल 14 रुपए में मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे ने रेल नीर की कीमत घटा दी है। अब एक लीटर पानी की बोतल की कीमत 15 रुपए की जगह 14 रुपए होगी और आधा लीटर बोतल की कीमत 10 रुपए की जगह नौ रुपए होगी। रेल मंत्रालय ने बताया कि जीएसटी कम होने का फायदा सीधे यात्रियों को दिया जा रहा है। दरअसल, रेल नीर भारतीय रेलवे का अपना ब्रांड है, जो यात्रियों को ट्रेनों और स्टेशनों पर साफ और सुरक्षित पीने का पानी ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ इस तिमाही में रेल नीर बेचकर 96 करोड़ की कमाई हुई





गौ रक्षक दल से जुड़े शख्स के घर पर करने वाले थे फायरिंग

# मुठभेड़ के बाद गोगी गैंग का बदमाश दो साथियों के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी के बुध विहार इलाके में शनिवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक गैंगस्टर और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मांगेराम पार्क निवासी और गोगी गिरोह का बदमाश लल्लू उर्फ अशरू (23) और उसके करीबी सहयोगी इरफान (21) मुठभेड़ में घायल हो गए। इस दौरान हालांकि गैंगस्टर के दो साथी भाग निकलने में कामयाब रहे। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी एक गौ रक्षक दल से जुड़े शख्स के घर गोलीबारी करने वाले थे।



पुलिस के अनुसार मुठभेड़ रोहिणी के सेक्टर-24 में बांके बिहारी मंदिर के पास शनिवार तड़के लगभग 2:40 बजे हुई। सूचना मिली थी कि अपराधी गौ रक्षक दल के एक प्रमुख सदस्य के आवास पर गोलीबारी करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने एक कार को रूकने का इशारा किया तो बदमाशों ने अपनी गाड़ी से पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी और गोलियां चलाई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से हल्की गोलीबारी हुई। लल्लू और इरफान के पैरों में गोली लगी है। दोनों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य आरोपी मथुरा निवासी नितेश (30) भी पकड़ा गया है, जबकि दो अन्य रिठाला नाले के पास दीवार फांदकर भाग गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम ने छह राउंड और आरोपियों ने करीब सात राउंड गोलीबारी की। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से दो अत्याधुनिक पिस्तौल और एक देसी कट्टा बरामद हुआ। लल्लू जेल में बंद अपने भाई के नाम पर 'नसरू गैंग' भी चलाता है। इस पर पांच केस दर्ज हैं। इनमें दो हत्या के प्रयास और दो डकैती के मामले शामिल हैं। इरफान के खिलाफ हत्या के प्रयास के दो मामले दर्ज हैं। नितेश धोखाधड़ी के मामलों में शामिल था। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया गया है। इनके साथियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# स्वरूप नगर में युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वरूप नगर इलाके में शुक्रवार देर रात एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम देवेंद्र (26) बताया गया है। पुलिस ने महज छह घंटे की जांच पड़ताल के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद हो गया है। शेष षड़यंत्रकारियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 19 सितंबर की देर रात 11 बजकर 40 मिनट पर जीटीके रोड, स्वरूप नगर के प्रवेश द्वार पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या की सूचना पुलिस को मिली। कॉलर ने बताया कि किसी ने मेरे भाई के पेट में चाकू घोंप दिया है और उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया जा रहा है। तुरंत ड्यूटी अधिकारी और स्वरूप नगर थाना प्रभारी हरकत में आए और बीजेआरएम अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि देवेंद्र पुत्र चरण सिंह निवासी के-87, गली नंबर 3, खड्डा कॉलोनी, स्वरूप नगर को चाकू लगने के बाद लाया गया था और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल और रिश्तेदारों से पूछताछ में पता चला कि घटना लोअर जीटीके रोड, स्वरूप नगर स्थित एंट्री गेट पिकेट के पास हुई थी। वहां देवेंद्र और उसके चार परिचितों पवन, विकास, अविनाश और रोहित के बीच किसी बात पर अचानक झगड़ा हो गया था। झगड़ा बढ़ गया और हाथापाई के दौरान देवेंद्र के पेट में तेज धार वाला चाकू घोंपा गया। चाकू लगने के बाद वह घटनास्थल पर ही गिर पड़ा और स्थानीय लोगों ने उसे बीजेआरएम अस्पताल पहुंचाया था। पुलिस की एक टीम गठित कर रात में ही कई चिन्हित ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान रोहित पुत्र ओम प्रकाश, अविनाश पुत्र गणपत और पवन पुत्र राजकुमार को छह घंटे के भीतर दबोच लिया गया। सभी स्वरूप नगर और भलस्वा के रहने वाले हैं। आरोपी रोहित स्थानीय स्तर पर आक्रामक व्यवहार के लिए जाना जाता है। अविनाश दिहाड़ी मजदूर है। उसके स्थानीय लोगों के साथ पहले भी झगड़े हुए हैं, हालांकि कोई औपचारिक आपराधिक संलिप्तता नहीं है। तीसरा आरोपी पवन भी दिहाड़ी मजदूर है। अब तक कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड पवन का नहीं मिला है। मामले की आगे की जांच जारी है।



■ छह घंटे के भीतर तीन हत्यारोपी हुये गिरफ्तार

## चार ड्रग सप्लायरों से साढ़े तीन करोड़ की हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साइबर क्राइम ब्रांच टीम ने अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनसे 531 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसकी कीमत साढ़े तीन करोड़ रुपये आंकी गई है।



डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार पहले चरण में टीम ने नंद नगरी से सुरेंद्र पांडे (29) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 301 ग्राम उत्तम गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद हुई। केस दर्ज कर पूछताछ की गई। दूसरे चरण में हेरोइन के स्रोत के बारे में जानकारी मिली। सुरेंद्र पांडे ने अपने सहयोगी नईम निवासी फरीदपुर, उत्तर प्रदेश का नाम बताया। उसकी तलाश में जयपुर में छापा मारा गया। आरोपी को पकड़ 120 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। उसे पूछताछ के लिए दिल्ली लाया गया। तीसरे चरण में 16 सितंबर को नीरू निवासी नंद नगरी, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने सप्लायर नजीर निवासी कादरगंज, बरेली, उत्तर प्रदेश के नाम का खुलासा किया। बरेली में छापा मारा गया। नजीर के कब्जे से 110 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस प्रकार कुल 531 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## डिजिटल क्रांति समाज के लिए अवसर भी और चुनौती भी : शशांक मणि त्रिपाठी

'डिजिटल कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डिजिटल क्रांति हमारे समाज के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। ऐसे में संवैधानिक मूल्यों को तकनीकी प्रगति के साथ जोड़ना समय की मांग है। साथ ही, हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि हम अपने प्रयासों से 'विकसित भारत' का संकल्प पूरा करें। 'डिजिटल कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने यह संबोधन दिया। बता दें कि गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट (एमएसआई), जनकपुरी ने संसद भवन से जुड़े इंस्टिट्यूट ऑफ कॉन्स्टीट्यूशनल एंड पार्लियामेंट्री स्टडीज़ (आईसीपीएस) के सहयोग से 'डिजिटल कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म' विषय यह आयोजन किया। विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म



पर नागरिक स्वतंत्रता, गोपनीयता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु प्रभावी कानूनी और संवैधानिक उपायों की आवश्यकता है। संगोष्ठी में डिजिटल युग में संविधान की प्रासंगिकता, डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा, साइबर लोकतंत्र और तकनीकी दुनिया में संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर आईसीपीएस की निदेशक डॉ. सीमा कौल, संयुक्त निदेशक सुनील शर्मा सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता प्राची प्रताप, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी से सहयोग प्राध्यापक वैभव चड्ढा और सर्वोच्च न्यायालय से अधिवक्ता संजय वशिष्ठ भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, मंच पर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए सूरजमल मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष कप्तान सिंह, उपाध्यक्ष एशा जाखड़, सचिव अजीत सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष राजपाल सोलंकी और एमएसआई निदेशक प्रोफेसर राजबीर सिंह के साथ संस्थान के प्राध्यापकगण और छात्र भी उपस्थित रहे।

संगोष्ठी का समापन अंतिम धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे डॉ. पारुल देशवाल, विभागाध्यक्ष, विधि (एमएसआई) ने प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में 400 से अधिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और इंटर्न्स ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र, समूह चित्र, फीडबैक और भोजन के साथ हुआ। संगोष्ठी को सभी ने अत्यंत सराहा और इसने संस्थान को भविष्य में भी ऐसे सार्थक एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रेरणा दी।

## दक्षिण पूर्व जिला पुलिस ने शुरू किया ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्व जिला पुलिस ने संगठित अपराध पर प्रहार के लिए ऑपरेशन आघात शुरू किया है। इस अभियान में सीनियर अफसरों के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारियों ने जिले के सभी सक्रिय अपराधियों पर लगाम कसी। जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह व्यापक पहल शुरू की गई है। इस दौरान कई दर्जन अपराधी और दर्जनभर से ज्यादा हथियार, ड्रग्स और अवैध शराब जब्त की गई। जुआरियों से लाखों रुपये कैश जब्त हुआ।

डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार इस अभियान के मुख्य उद्देश्य संगठित अपराध को उसके सभी रूपों में जड़ से उखाड़ फेंकना, आवासीय क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों को रोकना, नागरिकों में सुरक्षा की भावना विकसित करना और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना, आदतन और नवोदित अपराधियों को कोई भी अवैध गतिविधि करने से रोकना और उन्हें दोबारा अपराध न करने के मार्ग पर लाना है। इस अभियान के तहत 14 देसी पिस्तौल, एक अत्याधुनिक पिस्तौल, 24 कारतूस और 16 चाकू बरामद किए गए। इस सिलसिले में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 13 लोगों की गिरफ्तारी के साथ 6338 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई। 5.985 किलोग्राम गांजा, 51 ग्राम हेरोइन, 54 ग्राम एमडीएमए और एक मोटरसाइकिल सहित मादक पदार्थों की बरामदगी में नौ लोगों की गिरफ्तारी हुई। 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया और 78,350 रुपये कैश बरामद किया। 5 अन्य अपराधियों को अरेस्ट कर उनसे तीन मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल बरामद हुई। दो एनडीपीएस मामलों में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

# 100 से अधिक स्कूलों को मिली बम की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी के 100 से अधिक स्कूलों को शनिवार सुबह बम की धमकी मिली जो बाद में तलाशी अभियान में फर्जी पाई गई। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह 6.10 बजे ईमेल 'टेरराइजर्स111' समूह के नाम से आया था। इस समूह ने पहले भी स्कूलों को इसी तरह के ईमेल भेजे थे। ईमेल का विषय था 'आपके भवन में बम रखे गए हैं, कदम उठाएं या आपदा का सामना करें। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय, द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और नजफगढ़ स्थित माता विद्या देवी पब्लिक स्कूल समेत 10 स्कूलों के बारे में सूचना मिली थी। हालांकि, परिसर की गहन जांच के बाद धमकी फर्जी पाई गई। उन्होंने बताया कि धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते और पुलिस दल परिसरों में पहुंचे और एहतियात के तौर पर छात्रों व कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाला। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने परिसरों की गहन जांच की हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि धमकियां किसने दीं। इसके साथ ही यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या ये धमकियां दहशत फैलाने के किसी समन्वित प्रयास का हिस्सा हैं।

### दिल्ली की सुरक्षा में भाजपा फेल, स्कूलों को बार-बार मिल रही धमकी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने स्कूलों को मिल रही धमकियों पर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि दिल्ली की सुरक्षा करने में भाजपा फेल हो गई है और स्कूलों को बार-बार धमकियां मिल रही हैं। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। बच्चे और पैरेंट्स के अंदर खौंफ फैल गया। 'केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि दिल्ली के स्कूलों को बार-बार बम धमकी मिल रही हैं। हर तरफ अफरा-तफरी हो जाती है, स्कूलों की छुट्टी होती है, बच्चों और अभिभावकों में डर फैलता है, लेकिन एक साल से न कोई पकड़ा गया, न कोई कार्रवाई हुई। चार इंजन वाली भाजपा सरकार राजधानी की सुरक्षा तक नहीं संभाल पा रही है।

### अकुशल महिला श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी से किया जा रहा है वंचित, कमेटी बनाए रिपोर्टः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव कामगार महिलाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि दिल्ली में महिला अकुशल श्रमिकों को 18,456 रुपये प्रति माह की न्यूनतम मजदूरी से वंचित किया जा रहा है, जो इन श्रमिकों की दयनीय स्थिति के बारे में बताता है। उन्होंने मांग की है कि महिलाओं को पुरुषों के अनुपात में कम मजदूरी मिलने का कारण जानने के लिए हाईकोर्ट की महिला रिटायर्ड जज के नेतृत्व में कमेटी गठित हो जो एक महीने में रिपोर्ट तैयार कर सच्चाई सामने ला सके। यादव ने फ्रेमवर्क इंडिकेटर की रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं और पुरुषों में श्रम बल की हिस्सेदारी का अनुपात जहां 2017-18 में 0.19 था वह 2023-24 में बढ़कर 0.28 हो गया। यह वृद्धि सकारात्मक है लेकिन लैंगिक असमानता को भी दर्शाती है। वर्ष 2017-18 में महिला श्रम बल की भागीदारी 11.2 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 14.5 प्रतिशत हो गई। जबकि 2017-18 अप्रैल में पुरुषों को 400 रुपये और महिलाओं को 376 रुपये प्रतिदिन, वहीं 2023-24 में पुरुषों को 556 रुपये और महिलाओं को 500 रुपये प्रतिदिन मिल रहे थे। आंकड़ों में साफ दर्शाया गया है कि पुरुष और महिला मजदूरी में भारी अंतर है। उन्होंने कहा यही नहीं पेशेवर महिलाओं की संख्या में भी गिरावट आई है। जहां 2020-21 में महिलाओं को अनुपात 28.5 प्रतिशत था, वहीं 2022-23 में 21.3 प्रतिशत रह गया। यादव ने कहा कि दिल्ली में एक अकुशल श्रमिक के लिए न्यूनतम मजदूरी 18,456 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है। यह दिल्ली सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी है। लेकिन यह चिंताजनक है कि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों में ठेकेदारी के अंतर्गत कर्मचारियों को इस नियम के तहत मजदूरी नही मिलती है। रिपोर्ट में दिल्ली में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में भी कमी आई है। जहां दिल्ली विधानसभा में निर्वाचित महिलाओं का प्रतिशत मात्र 7.14 है जो पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है। यादव ने कहा कि महिला कामगारों में हो रही वृद्धि का बड़ा कारण अनियंत्रित महंगाई है। क्योंकि एक पुरुष की कमाई से परिवार का खर्चा पूरा न पड़ने के कारण महिलाओं को घर से बाहर निकल कर काम करना पड़ रहा है। दिल्ली राज्य फ्रेमवर्क इंडिकेटर की रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि राजधानी में महिला कामगारों की हिस्सेदारी बढ़ी है। लेकिन पुरुषों के मुकाबले उनको मजदूरी कम दी जा रही है।

### बाधाओं के बावजूद डीयू ने किया अपने दायरे और प्रभाव का लगातार विस्तार : कुलपति

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि अपने आरंभिक समय में धन और पदाधिकारियों की ऐतिहासिक बाधाओं के बावजूद, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने दायरे और प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। विश्वविद्यालय को मिलने वाला वार्षिक सरकारी अनुदान, जो 1922 में केवल 25,000 रुपए था, चालू वित्त वर्ष में वह बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। यह दिल्ली विश्वविद्यालय के विकास और राष्ट्र के उस पर विश्वास का प्रतीक है। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के कान्वेंशन हाल में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर डीयू के इतिहास विभाग की प्रोफेसर मनीषा चौधरी द्वारा लिखित पुस्तक "द यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली-ए कॉम्प्रिहेंसिव अकाउंट ऑफ इट्स रिलायंस, नॉलेज, लीडरशिप एंड ग्रोथ" का औपचारिक लोकार्पण किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शशि नागपाल पताः 465/7, प्रताप नगर, गुरूगावं, हरियाणा–122001 ने सीसी संख्या 2127/24 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः पहाड़ गंज, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शशि नागपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शशि नागपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 2127/24 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः पहाड़ गंज, दिल्ली के उक्त शशि नागपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**आरुषि परवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**एनआई एक्ट केंद्रीय उपभवन–01,**
**कमरा नं.02,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/12605/CD/2025

## मोबाइल बंद होने पर बना रहता है चालान कटने का डर

# डीटीसी बस पास का डिजिटल मॉडल बना यात्रियों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई नई सेवाएँ शुरू की हैं। इसी कड़ी में 'डीटीसी मासिक बस पास' को मोबाइल पर डिजिटल मोड में उपलब्ध कराने की सुविधा भी दी गई है। लेकिन यह सुविधा मासिक बस यात्रियों के लिए राहत के बजाय कई बार परेशानी का कारण बन रही है। यात्रियों की शिकायत है कि यदि बस में सफर के दौरान उनका 'मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो जाए' या अचानक कुछ तकनीकी दिक्कतें हो जाए, तो वे अपना डिजिटल मासिक बस पास चेकर्स को दिखा नहीं पाते। ऐसे हालात में बस चेकिंग स्टाफ यात्रियों की एक नहीं सुनता हैं और उनका चालान काट देता है। यात्रियों का कहना है कि जब उन्होंने सरकार से डिजीटल मोड अपनाया है, तो इस तरह की खामी का खामियाजा उन्हें क्यों भुगतना पड़ रहा है।



### चेकिंग स्टाफ के पास ही हो नंबर जांच की मशीन

यात्रियों ने मांग की है कि दिल्ली सरकार और डीटीसी प्रशासन को इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए। या तो यात्रियों को डिजिटल मासिक बस पास के साथ ही ऐसी सुविधा भी हो जिससे वे प्रिन्ट करके 'फिजिकल बस पास' भी निकाल सके या फिर ऐसा वैकल्पिक सिस्टम बने जिसमें मोबाइल बंद होने या नेटवर्क न मिलने की स्थिति में किसी साधारण पेज पर लिखा हुआ मासिक बस पास आईडी नंबर दिखा सके और बस चेकिंग स्टाफ अपने डिवाइस में उस यात्री का चेहरा, मोबाइल नंबर, नाम, आयु आदि जानकारी का मिलान कर सके और यात्री की जानकारी जांच सके ताकि यात्री दंड से बच सकें।

### जमीनी स्तर की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए करें समाधान

मासिक बस पास बनाकर चलने वाले दैनिक बस यात्रियों का कहना है कि डिजिटलीकरण का मकसद लोगों को सुविधा देना है, न कि उन्हें अनावश्यक चालान और झंझट में उलझाना। यदि सरकार वास्तव में डिजिटल इंडिया के सपने को सफल बनाना चाहती है, तो उसे जमीनी स्तर की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए समाधान लागू करना होगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलीम पुत्र साबिर निवासी वागाबोंड फुटपाथ, जमुना बाजार, दिल्ली** ने **FIR No. 434/2015, U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 434/2015, U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सलीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी– 11**
**केंद्रीय, न्यायालय संख्या 138, प्रथम तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12648/N/2025(Court Matter)**

नई दिल्ली
रविवार, 21 सितंबर, 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 158
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 36
न्यून. 26



11 महामुकाबला आज : सुपर 4 में पाकिस्तान पर दबदबा कायम रखने उतरेगी टीम इंडिया

## खबर संक्षेप

### यूरोप में साइबर हमले दिल्ली एयरपोर्ट पर अलर्ट



**नई दिल्ली।** यूरोप के प्रमुख हवाई अड्डों पर साइबर हमले से भारी उथल-पुथल मची है जिसका असर भारत समेत कई देशों के यात्रियों पर पड़ा है। लंदन ब्रुसेल्स और बर्लिन जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर चेक-इन सिस्टम प्रभावित हुआ है जिससे उड़ानें रद्द हो रही हैं। साइबर हमला कोलिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सॉफ्टवेयर पर हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

### मप्र के 10 टाइगर भेजे जाएंगे ओडिशा



**भोपाल।** मप्र ने उड़ीसा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ टाइगर भेजने की तैयारी तेज कर दी है। इन राज्यों के अधिकारियों को टाइगरों की सुरक्षा और प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए पत्र लिखा है। बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से करीब 10 टाइगरों का चयन कर छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा भेजा जाएगा। इनमें नर-मादा शामिल है। ताकि इन राज्यों में टाइगरों की संख्या बढ़ सके।

### स्मृति मंधाना ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बन गईं। इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली।

### भारत और यूनान के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत और यूनान की नौसेनाओं ने भूमध्य सागर में पहले द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास में चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों में अपनी क्षमताओं और रण कौशल का प्रदर्शन किया। दो चरणों में आयोजित अभ्यास का बंदरगाह चरण 13 से 17 सितंबर तक सलामीस नौसेना बेस पर समुद्री चरण 17 और 18 सितंबर तक हुआ। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

गुजरात के भावनगर में पीएम मोदी ने कहा- 100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत

# चिप हो या शिप... हमें बनाने होंगे विदेशी निर्भरता सबसे बड़ा दुश्मन



*पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने भारत का अपना शिपबिल्डिंग ईकोसिस्टम लगभग खत्म कर दिया था। विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40% व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5% रह गया है*

एजेंसी ▶▶ भावनगर (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। देशवासी यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 6 लाख करोड़ रुपए हर साल विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराए में दिए जाते हैं।

यह रकम भारत के रक्षा क्षेत्र के बजट के बराबर है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन ▶▶ शेष पेज 7 पर

जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता... उतनी ज्यादा देश की विफलता



करीब 6 लाख करोड़ रु. हर साल विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराए में दिए जाते हैं, यह रकम भारत के रक्षा क्षेत्र के बजट के बराबर

» **भावनगर में रोड शो किया और 34,200 करोड़ रु. की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

» **कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया**

## कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजरअंदाज किया, इसलिए आजादी के 6-7 दशकों बाद भी भारत वो सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण रहे- लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा। दुनिया के बाजार से अलग-थलग रखा। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया।

### अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी

पीएम ने कहा कि आज भारत समुद्री क्षेत्र भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है। इसी सोच के साथ वन नेशन, वन डॉक्यूमेंट और वन नेशन, वन पोर्ट प्रोसेस लागू किया जाना है। भारत को सबसे बड़ी समुद्री शक्ति बनाने के लिए तीन बड़ी योजनाओं पर काम चल रहा है और आने वाले वर्षों में इस पर 70 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। देश के समुद्री क्षेत्र को मजबूती देने के लिए एक बहुत ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी है। जब देश को अपने जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) को मजबूत करना चाहिए था, तब कांग्रेस सरकारों ने विदेशी जहाज किराए पर लेना ज्यादा बेहतर समझा। इसके कारण भारत का अपना शिपबिल्डिंग ▶▶ शेष पेज 7 पर

एक साथ 5 क्रूज पार्क होंगे, हर साल 10 लाख टूरिस्ट आएंगे

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का वर्चुअली उद्घाटन किया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर से वर्चुअली मुंबई के अत्याधुनिक क्रूज टर्मिनल का इनॉगरेशन किया। यह देश का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल है। इसे इंदिरा डॉक, बैलार्ड पियर, मुंबई पोर्ट पर बनाया गया है।

इसे मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल (एमआईसीटी) नाम दिया गया है। लागत 556 करोड़ रुपए आई है। यह भारतीय क्रूज टूरिज्म का गेटवे कहलाएगा। इसकी छत समुद्र की लहरों की तरह डिजाइन की गई है। केंद्रीय पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि मुंबई का समुद्री इतिहास बेहद समृद्ध है और यह टर्मिनल भारत को वैश्विक क्रूज पर्यटन हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। क्रूज भारत मिशन के अनुरूप, मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण (एमबीपीए) ने वैश्विक मानकों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय क्रूज मानचित्र पर भारत की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एमआईसीटी विकसित किया है। क्रूज भारत मिशन बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा सितंबर 2024 में शुरू किया गया था। मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आदेश तितरमारे ने कहा कि सभी के लिए क्रूजिंग है, ताकि भारत के आम नागरिक भी आसानी से क्रूज यात्रा का आनंद ले सकें। प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर, मुंबई बंदरगाह ने 4,15,000 वर्ग फुट में भारत का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल बनाया है। यह एक दिन में 10,000 से ज्यादा यात्रियों और सालाना 10 लाख से ज्यादा यात्रियों को सेवा प्रदान कर सकता है। देश का युवा बहुत तेजी से क्रूजिंग कर रहा है।

उधमपुर में सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़

## तलाशी अभियान तेज, घायल सैनिक इलाज के बाद 'शहीद'

- डोडा और उधमपुर से अतिरिक्त बल बुलाया
- ड्रोन और खोजी कुत्तों की सहायता ली जा रही

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर जिले के ऊंचाई वाले एक क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों को ठिकाने लगाने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा शनिवार को तलाशी अभियान का दायरा बढ़ाए जाने के बीच गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए एक सैनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उधमपुर के डूडू-बसंतगढ़ क्षेत्र और डोडा के भद्रवाह के बीच सेओज धार वन के कांजी में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के संयुक्त तलाशी दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी कर दी जिसमें एक ▶▶ शेष पेज 7 पर



71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में होंगे सम्मानित

## मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को मिलेगा दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मलयालम फिल्मों के सबसे बड़े सितारों में गिने जाने वाले मोहनलाल को उनके लंबे और सफल करियर के लिए भारत सरकार ने दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023 से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह अवार्ड उन्हें 71वें राष्ट्रीय फिल्म ▶▶ शेष पेज 7 पर



### पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने कहा कि मोहनलाल उत्कृष्टता और बहुमुखी प्रतिभा के प्रतीक हैं। दशकों के समृद्ध कार्यों के साथ, वे मलयालम सिनेमा और रंगमंच के एक ▶▶ शेष पेज 7 पर

एयर कमोडोर सुरेंद्र सिंह त्यागी के मन में उठती इसके बिना 'अनाथ' होने की भावना

## 26 सितंबर को वायुसेना में हो जाएगा 'मिग-21' युग का अंत...

विमान की अंतिम दो स्क्वाड्रन नंबर 3 और 23 इसमें शामिल होंगी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

खास बातचीत

अगले सप्ताह शुक्रवार 26 सितंबर को वो ऐतिहासिक दिन होगा। जब छह दशक से अधिक की अपनी सच्ची राष्ट्रसेवा के बाद भारतीय वायुसेना का पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान 'मिग-21' पूरी तरह से बल की सेवा से हमेशा-हमेशा के लिए बाहर हो जाएगा। विमान की अंतिम दो स्क्वाड्रन नंबर 3 और 23 इसमें शामिल होंगी। अपने इस जांबाज हवाई योद्धा को अंतिम ▶▶ शेष पेज 7 पर

- मिग-21 में 4 हजार घंटे से अधिक की उड़ान भरकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले फाइटर पायलट हैं एयर कमोडोर त्यागी
- हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने अपनी दशकों पुरानी मिग-21 की यादगार यात्रा से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू के बारे में जानकारी दी है
- अगले सप्ताह शुक्रवार को चंडीगढ़ में आयोजित किए जाने वाले विशेष समारोह में करेंगे शिरकत







### प्रश्न- आपकी 34 साल के सेवाकाल में 28 पोस्टिंग क्यों हुई?

उत्तर- मैं वायुसेना में 1965 में कमीशन हुआ था और मेरी सेवानिवृत्ति 1996 में हुई है। इस करीब तीन दशक से अधिक के सेवाकाल में मेरी कुल 28 पोस्टिंग हुई हैं। जिसके पीछे की कहानी रोचक है। मेरी मिग-21 की 10 स्क्वाड्रन में पोस्टिंग हुई। नंबर ज्यादा इसलिए था क्योंकि जब भी वायुसेना अपनी किसी स्क्वाड्रन को मिग में तब्दील करती थी। तो वो मुझे वहां भेज देते थे। क्योंकि मेरा अनुभव शुरुआत से ही इस विमान के साथ था। ज्यादा पोस्टिंग का ▶▶ शेष पेज 7 पर

### प्रश्न-मिग-21 की विदाई आपके लिए कैसा क्षण है?

जवाब- मेरे लिए 26 तारीख ऐसा दिन होगा जब मैं अंतिम बार चंडीगढ़ में मिग-21 को गुडबॉय कहूंगा। ये विमान 60 साल से अधिक समय तक वायुसेना के जरिए देश की सीमाओं की सुरक्षा में मुस्तैदी से तैनात रहा है। ये मेरे लिए एक ऐसा क्षण होगा जिसे मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकता हूं। बस ये ही कह सकता हूं कि मानो मुझे लग रहा है कि मेरे शरीर से किसी ने मेरा दिल बाहर निकाल दिया है। ये मेरे लिए एक तरह से अनाथ होने के समान भी है। क्योंकि रिटायरमेंट के वक्त भी हमें ऐसा नहीं लगता है। जिसका कारण तब आप हकीकत में विमान से जुड़े नहीं होते हैं। लेकिन आप बाहर से उसे देखते हैं कि वो राष्ट्र सेवा में लगा हुआ है। जिससे लगता है कि वो आपके पास ही है और आप उससे जुड़ाव महसूस करते हैं। 27 सितंबर को हमें सही में पता चलेगा कि अब कोई नहीं है, जिसे हम अपना कह सकेंगे।




## खबर संक्षेप

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी पकड़ाया

**फरीदाबाद।** वाहन चोरी के मामले ने पुलिस ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने



बताया कि मुकेश निवासी न्यू जनता कालोनी ने पुलिस चौकी टाउन नंबर 2 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 2 फरवरी 2024 को उसने अपनी मोटरसाईकिल रोज गार्डन के गेट के पास खडी की थी। जिसे कोई नामपता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस संबंध में थाना कोतवाली में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### 4 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने एक आरोपी को 4 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी



के अनुसार अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए गगन निवासी एनआईटी फरीदाबाद को सेक्टर 21 फरीदाबाद से 4 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना एनआईटी में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### महिला हैड कांस्टेबल की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे लाल कुआं के पास बड़ा हादसा हो गया। ओम साईं फार्म हाउस के सामने स्कूटी पर सवार महिला कांस्टेबल ट्रक



की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही महिला कांस्टेबल की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है। महिला कांस्टेबल का नाम अनुराधा था। जो मुजफ्फरनगर बुढ़ाना की रहने वाली थी।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में 29वां दीक्षांत व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में 29वां दीक्षांत एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. नीर कंवल मणि ने दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. दिनेश जून और राजनीतिक विज्ञान विभाग की सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर शालिनी तुली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने की।

प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं, राष्ट्रीय संगोष्ठियों और सांस्कृतिक आयोजनों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। इस वर्ष कुल 382 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें एम.कॉम की 34, बीए की 117, बीएससी की 31, बीकॉम की 109, बीबीए की 49, बीजेएमसी की 31 और बीबीटीएम की 11 छात्राएं शामिल थीं। वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. नीर कंवल मणि ने छात्राओं से कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का मार्ग है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश जून ने शिक्षा को समाज में सकारात्मक बदलाव का साधन बताया। वहीं, शालिनी तुली ने छात्राओं की मेहनत व आत्मनिर्भरता की सराहना की।

**382 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई**



### इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 3 छात्राओं को रोल ऑफ ऑनर, 7 को कॉलेज कलर, 6 को यूथ फेस्टिवल, 5 को स्पोर्ट्स तथा 66 छात्राओं को अकादमिक उपलब्धियों पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विजया श्रीधर के निर्देशन में हुआ। मंच संचालन डॉ. बलराम यादव और डॉ. रमन कुमार ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक बलबीर सिंह, नीलम रानी, डॉ. पारुल राणा, शालिनी खुराना सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जननायक जनता पार्टी की जम्बो कार्यकारिणी घोषित

## 4 दर्जन से अधिक सदस्यों को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आज जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें करीब 4 दर्जन से अधिक सदस्यों को पार्टी के विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, हरियाणा प्रदेश के पूर्व में रहे लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं प्रदेश अध्यक्ष ब्रिज शर्मा और युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला से विचार-विमर्श कर जिला फरीदाबाद कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रधान महासचिव, कार्यालय सचिव, सचिव एवं सदस्यों को बनाया गया।

**खास बातें**
- बुजुर्गों को सम्मानित किया गया
- चौधरी देवीलाल का 25 सितंबर को 112 वां जन्मदिन मनाया जाएगा



### जिला अध्यक्ष ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी

जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष टीका टीकाराम भारद्वाज, परविंदर सिंह, प्रधान महासचिव जितेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अमर सिंह दलाल, हातम आधाना, जयप्रकाश ढुल, धर्मवीर काली रमन, मोमिन खान, धीरज ठाकुर, कैशियर पूर्ण चाहर, कार्यालय सचिव देवेंद्र बैरागी, महासचिव राजेश डागर, डॉ एस पी सिंह, परविंदर कौशिक, सरवन त्यागी, जावेद अख्तर, बोनी ठाकुर, दिगम्बर, शिवम शर्मा, राहुल गोस्वामी, पवन नरवत, सचिव तेजपाल सांगवान, आनंद भाटिया, आरिफ मोहम्मद, अमित टंडन, अशोक तंवर, अनिल, बीर सिंह , रमजान खान, मनोज मिश्रा, नरेंद्र फौजी, सुशील कुमार के अलावा सदस्य नरेश रावत, त्रिलोक चंद, राजू आधाना, विक्रम चौधरी, नवीन भारद्वाज, विकास भारद्वाज, मूल चंद तलाह, खुर्शीद अल्वी, शिव चरण रावत, रमजान खान, नन्द पाल, नीरज भारद्वाज, शेखर नरवाल, पुरुषोत्तम, परचम ठाकुर, नीरज चौधरी, मनोज जाखड़, अनूप, बबलू को नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी के आदेश पर आगामी 25 सितंबर को चौधरी देवीलाल का 112 वां जन्मदिवस प्रदेश में 112 कार्यक्रम करके मनाया जाएगा, जिसमें चौधरी देवीलाल के संघर्ष के साथ ही रहे बुजुर्गों को सम्मानित करने का काम, वृद्ध आश्रम में फल वितरण, शहर में साफ - सफाई, स्वास्थ्य सेवा एवं चौधरी देवीलाल के प्रतिमाओं को साफ एवं मरम्मत करने का काम जननायक जनता पार्टी करेगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़, जिला प्रवक्ता अनिल खुटेला, किसान सेल जिला अध्यक्ष अमर नरवत, जितेंद्र चौधरी, राजवीर गुर्जर, नाहर सिंह चौहान आदि।

**नगर आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक ली**

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो में 30 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें भेजेगा नगर निगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम 25 सितंबर से ग्रेटर नोएडा में होने वाले उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो में 30 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसे भेजेगा। इसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक ने बैठक ली। इस बैठक में गाजियाबाद में ऐसी इलेक्ट्रिक बस की उपयोगिता तथा प्रबंधन बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गाजियाबाद में वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता बढ़ाने तथा प्रबंधन को ओर अधिक मजबूती देने के लिए अधिकारियों से बैठक की गई तथा चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की गई। जिसमें सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त एसडी शर्मा द्वारा कार्यालय की प्रगति, तथा कौशांबी से दादरी, लोनी, मंडोला व अन्य क्षेत्र में चल रही वातानुकूलित बसों के बारे में विस्तार से बताया गया प्रबंधन को और अधिक मजबूती देने के लिए चर्चा भी की गई। नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025 का आयोजन ग्रेटर नोएडा में भव्य रूप से होने जा रहा है । जो 25 सितंबर से प्रारंभ होकर 29 सितंबर तक होगा। जिसमें गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट के माध्यम से 30 बसों को ड्राइवर कंडक्टर के साथ भेजा जाएगा जो की कार्यक्रम में दर्शकों के लिए निःशुल्क रहेगी। बैठक में उपस्थित टीम को व्यवस्था पूर्ण रूप से बनाने के निर्देश दिए गए हैं,। गाजियाबाद में वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए भी योजना बनाई जा रही है आगामी दो माह के भीतर गाजियाबाद नगर निगम तथा गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट मिलकर संयुक्त कार्यवाही करेगी। जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा दिया जाएगा इसी के साथ बस शेल्टर के लिए गाजियाबाद में स्थान चिन्हित करने का भी किया जा रहा है जिसको ट्रिपल पी के आधार पर करने की योजना बनाई जा रही है।

# दशहरा ग्राउंड को ठेके पर देने को लेकर विवाद, राजस्थान-एमपी के लोगों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दशहरा ग्राउंड में राजस्थान और मध्य-प्रदेश से मेला लगाने आए दुकानदारों और झूले वालों को नगर निगम ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगर निगम अफसरों का कहना है कि इस बार टेंडर निकाला गया था, जिसे एक ठेकेदार ने लिया है। ग्राउंड में जो भी दुकानें लगेंगी वह ठेकेदार की मंजूरी के बाद ही लग पाएंगी। दशहरा ग्राउंड में दशहरे से पहले ही मेला शुरू हो जाता है, जो दशहरा वाले दिन समाप्त होता है। ग्राउंड में राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित दूसरे राज्यों से आकर दुकानदार दुकान लगाते हैं और झूले लगाए जाते हैं, लेकिन जब शनिवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश के लोग यहां पर पहुंचे तो उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उनको बोला गया कि निगम ने टेंडर जारी कर ग्राउंड को ठेके पर दिया है। यहां पर सभी दुकानें ठेकेदार की मंजूरी से लगेंगी। राजस्थान के रहने वाले महेश ने बताया कि 40 सालों से उनका परिवार हर बार यहां पर आकर दशहरे मेले में दुकान लगाता था, लेकिन इस बार निगम के अधिकारियों ने अपने फायदे के लिए मेले का निजीकरण कर दिया है। ग्राउंड को ठेके पर दे दिया है, अब 500 रूपए में लगने वाली दुकान के लिए 5 हजार रूपए देने होंगे। अभी तक वो 500 रुपए की पर्ची कटवाकर दुकान लगाते हुए आ रहे थे।

### जेई ने लोगों को बाहर निकाला

नगर निगम के जेई हर्ष ने बताया कि निगम की तरफ से इस बार टेंडर जारी कर मेला ग्राउंड को ठेके पर दिया गया है। ठेकेदार को ये ग्राउंड करीब 22 लाख रुपए में दिया गया है। अब ऐसे में कोई अन्य यहां पर दुकान या झूले नहीं लगा सकता। जिसे लेकर इन लोगों को ग्राउंड से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक पहले इन लोगों की कैटेगरी के हिसाब से 500 से लेकर 1000 रुपए प्रतिदिन का चार्ज निगम द्वारा लिया जाता था। निगम ने इस बार पुराने नियमों को बदलकर एक ही व्यक्ति को ठेका दिया गया है। निगम ने टेंडर प्रक्रिया को पूरा करते हुए ठेका दिया गया है। इन लोगों को बोला गया है कि ठेकेदार से मिलकर वह यहां पर दुकान लगा सकते हैं।

### सेवा पखवाड़ः स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज बल्लभगढ़ मंडल द्वारा सेक्टर-2 में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद शर्मा रहे। उन्होंने मंडल अध्यक्ष संजय जांगड़ा को पटका पहनाकर इस कैंप के आयोजन के लिए की बधाई दी। इस मौके पर फरीदाबाद महानगर जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, जिला उपाध्यक्ष महानगर लख्मीचंद भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष सुनीता बघेल, जिला उपाध्यक्ष सुषमा यादव, जिला सचिव स्वराज भाटीख जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नवीन वशिष्ठ, सीएम एमिनेंट सदस्य राहुल गोयल, मास्टर उदयवीर गिल, शिवानी दीक्षित सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरुआत किए गए। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर रखा गया है, इसमें सैकड़ो लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई है।

**टीबी से बचाव हेतु दवा लेने के लिए बताया गया**

# 100 टीबी रोगियों को सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग के लिए गोद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह में संतोष मेडिकल कॉलेज द्वारा डॉ अलका गुप्ता डीन और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार यादव के मार्गदर्शन में शनिवार को 100 टी बी रोगियों को सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग हेतु गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ अनिल यादव द्वारा उपस्थित क्षय रोगियों को दवा का पूरा कोर्स लेने के आग्रह के साथ



परिवारजनों की टी बी हेतु जांच करवाने तथा उनको टी बी से बचाव हेतु दवा लेने हेतु बताया गया जो सप्ताह में केवल एक बार ही खानी होती है। डीन डॉ अलका गुप्ता ने सभी टी बी मरीजों से उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। तो सभी मरीजों ने कहा कि संतोष अस्पताल में हमारी टी बी जॉच एवं ईलाज बिलकुल मुफ्त में होता हैं तथा सरकार से उनके खाते में पैसे भी आ रहे हैं। इस अवसर पर डॉ अल्पना अग्रवाल, डॉ मनीष सब्बरवाल, डॉ मनीष शर्मा, डॉ यशस्वी त्यागी, डॉ निधि बंसल, अर्पिता और स्वास्थ्य विभाग से सुमन लता यादव, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### रालोद राष्ट्रीय एकता के लिये करेगी कार्यक्रमों का आयोजन

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल अक्टूबर से पार्टी एकता यात्रा के कार्यक्रम करेगी जिसके तहत सम्मेलन गोष्ठी और यात्रा आदि के कार्यक्रम होंगे ये कार्यक्रम सभी जिलों में किए जाएँगे ।

यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि दो इस एकता यात्रा का उद्देश्य समाज के सभी जाति धर्म और वर्ग के लोगों को एकजुट करना है।

महिला युवा सभी को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ना है । राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी 8 रैलियों में बड़ी रैलियों को संबोधित करेंगे ।

# ठगी करने वाला खाताधारक धराया

थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 5,39,000 रुपए की ठगी के मामले में साईबर थाना बल्लभगढ़ ने आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस



प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 2 बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया। जिसने अपने आपको स्टार बुल इंवेस्टमेंट कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि स्टॉक मार्केट में निवेश करवाकर दोगुना मुनाफा देंगे। जिसके बाद शिकायकर्ता ने अलग-अलग ट्रॉजेक्सन के जरिए कुल 5,39,000 रुपए स्टॉक मार्केट में निवेश किए और उसे कोई पैसा वापस नही मिला। जिस संबंध में साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने राज बहादुर निवासी इंदौर मध्य प्रदेश गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि राज बहादुर खाताधारक है।

**पुलिस ने 3 दिन केरिमांड पर लिया**

# बेटे की हत्या कर शव को फंदे पर लटका कर आत्महत्या बताने के मामले में पिता सहित दोनों भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बेटे की हत्या कर शव को फंदे पर लटका कर आत्महत्या बताने के मामले में क्राईम ब्रांच टीम ने पिता सहित दोनों भाई गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदर्श नगर के अंतर्गत 15-16 सितम्बर की रात को कृष्ण निवासी सुभाष कॉलोनी की मृत्यु हुई थी। जिसके संबंध में उसके घरवालों ने कृष्ण द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले बताया था। कृष्ण के शरीर पर चोट के निशान थे। जिस बारे थाना आदर्श नगर की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि कृष्ण की उसके पिता व दोनों भाइयों



ने पीट-पीट कर हत्या कर दी है और आत्महत्या का रूप देने के लिए सबको फांसी से लटका दिया है। जिस पर थाना आदर्श नगर में हत्या से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 कि टीम ने कार्रवाई करते हुए मृतक के पिता धनीराम, भाई सुरज व सुदामा निवासी सुभाष कॉलोनी बल्लबगढ़ को गिरफ्तार है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मृतक कृष्ण शराब पीने का आदी था तथा शराब पीने के बाद वह घर में अक्सर पिता व भाईयों के साथ झगडा करता था। 15-16 सितम्बर की रात को भी वह शराब पीकर घर आया था तथा झगडा करने लगा जिस पर भाई सुदामा सुरज व पिता मृत्यु कृष्ण के साथ मारपीट की जिससे उसकी मौका पर मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद आरोपियों ने मामलें को आत्महत्या दिखाने के लिये कृष्ण के शव को फंदे से लटका दिया। आरोपियों को अधिक पूछताछ के लिए माननीय न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### युवती से दुष्कर्म के बाद बनाया जा रहा मतांतरण का दबाव

**फरीदाबाद।** एनआईटी में रहने वाली युवती से पहले तो युवक ने दुष्कर्म किया। फिर उस पर मतांतरण का दबाव बनाया। आरोपी युवती को शादी के लिए भी परेशान करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर एनआईटी महिला थाना ने मामला दर्ज किया है। पुलिस शिकायत के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। एनआईटी में रहने वाली युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी सात बहनें और तीन भाई हैं। वह परिवार में सबसे छोटी है। पांच साल पहले उसकी दोस्ती गौंछी में मेडिकल स्टोर चलाने वाले शाहरूख से हुई। शाहरूख ने होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने उसके अश्लील फोटो भी ले ली। फिर इन फोटो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा।

**बैठक में ऊर्जा मंत्री सहित निगमों अधिकारी भी शामिल हुए**

# सरकार बिजली बिलों पर बढ़े निश्चित स्थाई शुल्क पर करे पुनर्विचार : एचपी यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिजली बिलों पर बढ़े निश्चित स्थायी शुल्क पर चर्चा हेतु चंडीगढ़ में बैठक का आयोजन



किया गया था, जिसमे हरियाणा के प्रत्येक जिले से औद्योगिक संगठनों तथा चैम्बरों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ ऊर्जा मंत्री अनिल विज तथा ऊर्जा विभाग एवं बिजली निगमों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे थे। बैठक में सरकार द्वारा बिजली बिलों पर बढ़ाए गए निश्चित स्थायी शुल्क पर चर्चा की गई।

उद्यमियों को यह आशा थी कि सरकार उन्हें कोई राहत अवश्य देगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उक्त जानकारी जानकारी एनसीआर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एनसीसीआई) के अध्यक्ष एचपी यादव दी है। उनका कहना है कि बैठक में एनसीसीआई के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे और सरकार को उद्योगों की समस्याओं से यह अवगत भी कराया था कि सरकार द्वारा बिजली बिलों पर लगभग 65 प्रतिशत निश्चित स्थायी शुल्क बढ़ाए जाने से उद्योगों में बहुत निराशा है। इसलिए इन शुल्कों को वापिस लिया जाए।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **केनेथ ओग्बू पुत्र ओग्बू निवासी मकान नंबर 173, पीरवाली गली, मैदान गढ़ी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** और **स्थायी पता गाँव– उमुओसल स्ट्रीट इगोगोरो, राज्य एनुगु, नाइजीरिया** ने **FIR No. 476/22, U/S 21 NDPS Act & 14F Act, अन्तर्गत थाना साकेत, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केनेथ ओग्बू पुत्र ओग्बू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केनेथ ओग्बू पुत्र ओग्बू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 476/22, U/S 21 NDPS Act & 14F Act, अन्तर्गत थाना साकेत, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **केनेथ ओग्बू पुत्र ओग्बू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री गौरव गुप्ता**
एएसजे/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) अधिनियम
दक्षिण जिला, कमरा संख्या 505, पांचवीं मंजिल
साकेत न्यायालय परिसर, नई दिल्ली

DP/12663/SD/2025(Court Matter)

## सूचना

**प्रस्तुति आदेश**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेन्द्र, पुत्र टीकम सिंह निवासी मकान नं. ए-2/48डी, लॉरेंस रोड, केशव पुरम, दिल्ली (चार्जशीट के अनुसार) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1285/2023 भा.द.सं. की धारा 279/337 के तहत, थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है।

इसके लिए माननीय तीस हजारी कोर्ट ने अभियुक्त **नरेन्द्र पुत्र टीकम सिंह प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1285/2023 भा.द.सं. की धारा 279/337 के तहत, थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** को दिनांक **24.09.25** को **सुबह 10 बजे** न्यायालय के समक्ष पेश होने का आदेश दिया है।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन गुप्ता**
**न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**(पश्चिम जिला)-02, कमरा नं.407, एक्सटेंशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/12478/OD/2025

## खबर संक्षेप

### कादीपुर-इब्राहिमपुर रोड पर सीवर कार्य में लापरवाही

नई दिल्ली। बुराड़ी इलाके के कादीपुर-इब्राहिमपुर रोड पर सीवर लाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही के चलते स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे व धूल-मिट्टी उड़ने से यातायात बाधित हो गया है। बस सेवाएँ बंद होने से रोज़ाना यात्रा करने वालों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। निजी स्कूलों ने भी अपनी बस सेवाओं के मार्ग बदल दिए हैं, जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है। कादीपुर सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल के बगल में ही कार्य होने से धूल के गुबार के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता चेतन सैनी ने प्रशासन को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता चेतन सैनी ने कहा कि उन्होंने कई बार ठेकेदार के सुपरवाइजर को इस ओर ध्यान दिलाया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

### तुगलकाबाद में बड़ी संख्या में लगेंगे सोलर कनेक्शन : बिधूड़ी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दक्षिण दिल्ली के तुगलकाबाद गांव के अनेक लोगों ने शनिवार को सौर ऊर्जा कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। बीएसईएस द्वारा लगाए गए इस कैंप का उद्घाटन सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने तुगलकाबाद के विकास के लिए 10 करोड़ रुपए खर्च करने की घोषणा भी की। सांसद ने बताया कि तुगलकाबाद गांव के शिव मंदिर बारात घर में बिजली कंपनी बीएसईएस द्वारा लगाए गए कैंप के लिए लोगों में काफी उत्साह नजर आया। कैंप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पीएम सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना' के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के लिए बड़ी संख्या में लोग आगे आए।

### गुरूद्वारा कमेटी ने आयोजित किया सर्व धर्म सम्मेलन

**नई दिल्ली।** गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दिल्ली सरकार के सहयोग से सर्व धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलों व जसप्रीत सिंह करमसर सहित अन्य विभिन्न धर्म गुरु आदि मौजूद थे। इस मौके पर बोलते हुए विभिन्न धर्म गुरुओं ने गुरु तेग बहादुर साहब द्वारा दी गई शहादत को लेकर अने विचार रखे। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को मनाने के लिए व्यापक योजना बनाई गई है।

### मुख्यमंत्री ने बायोगैस संयंत्र का नंगली डेयरी, नजफगढ़ में किया लोकार्पण

# यमुना को साफ करने में मील का पत्थर साबित होगा नंगली बायोगैस प्लांट : रेखा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नंगली डेयरी,नजफगढ़ में स्थापित बायोगैस संयंत्र से प्रेस्ड नेचुरल गैस एवं खाद का उत्पादन होगा व साथ ही आसपास की डेयरियों का गोबर व अपशिष्ट जो वर्तमान में नालियों में बहकर यमुना नदी में जाता है, उस प्रदूषण पर भी रोक लगेगी। यह संयंत्र 200 मीट्रिक टन प्रतिदिन मवेशियों के गोबर अपशिष्ट का निपटान करेगा। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नजफगढ़ के नंगली डेयरी में शनिवार को 200 मीट्रिक टन प्रतिदिन गोबर पर आधारित बायोगैस संयंत्र का नंगली डेयरी के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा पखवाड़े' के तहत किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, विधायक संदीप सहरावत, नजफगढ़ क्षेत्र की अध्यक्ष सविता शर्मा आदि भाजपा नेता, अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

अपने संबोधन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नंगली बायोगैस संयंत्र देश का ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सम्बंधित एजेंसी द्वारा डायरी मालिकों को 65 पैसे प्रति किलोग्राम की दर से गोबर अपशिष्ट एकत्र किया जाएगा। शेष बायोगैस स्लरी का उपयोग प्राकृतिक उर्वरक के रूप में किया जाएगा, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद करता है। इस संयंत्र की स्थापना का कार्य दिल्ली नगर निगम द्वारा दिसंबर 2018 में आरम्भ हुआ। इस परियोजना को मेसर्स सीईआईडी को डिज़ाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण के लिए सौंपा गया था। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बायोगैस संयंत्र से उत्पाद किए बायोगैस/सीएनजी है, की आपूर्ति पाइपलाइन के माध्यम से 'आईजीएल' को की जाएगी। इस संयंत्र में लगभग 14 हजार घन मीटर प्रतिदिन कच्ची बायोगैस (सीएनजी) और 5.6 टन प्रतिदिन संपीड़ित बायोगैस (शुद्ध) का उत्पादन किया जाएगा। बायोगैस संयंत्र के लिए नंगली डेयरी कॉलोनी में लगभग 2.72 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इस अवसर पर सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग गोबर अपशिष्ट की समस्या से पिछले कई दशकों से जूझ रहें हैं।

आज मुझे बड़ा गर्व है कि दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर, जिन्होंने क्षेत्र के ग्रामीण लोगों की समस्या को समझा और उसका समाधान किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जनता की भलाई के लिए जनहित में कोई काम नहीं किया, ये केवल भाजपा की सरकार है जो सभी समस्याओं को हल कर सकती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं पूछती हूं केजरीवाल सरकार से कि पिछले आठ वर्षों से केंद्र सरकार के फंड होने के बावजूद क्यों इस क्षेत्र में कोई बायोगैस परियोजना पूरी नहीं की गई? मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम दिल्ली के कोने कोने में ऐसी ही अन्य बायोगैस संयंत्र लगाएं जिससे ना केवल कूड़ा कम हो बल्कि हरित ऊर्जा उत्पन्न हो। नंगली डेयरी में लगभग 13 हजार और ककरोला डेयरी में 7 हजार मवेशी हैं, और प्रत्येक मवेशी प्रतिदिन लगभग 10 किलोग्राम गोबर अपशिष्ट उत्पन्न करता है। इस प्रकार, दोनों डेयरियों में गोबर अपशिष्ट का उत्पादन प्रतिदिन लगभग 200 मीट्रिक टन है। लगभग 16 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह बायोगैस संयंत्र भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास निधि से आंशिक रूप से वित्त पोषित है।

### 'आमजन की समस्याओं का उनके द्वार पर समाधान करेगा मोबाइल कार्यालय'

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के ओल्ड पंखा रोड स्थित विधायक कार्यालय से एक नई पहल 'एमएलए ऑन व्हील्स- रेखा सरकार आपके द्वार' मोबाइल कार्यालय का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य प्रशासन को जनता के समीप लाना और लोगों की समस्याओं का समाधान उनके ही क्षेत्र किया जाना है। इससे आमजन को अपनी समस्याओं को सरकारी दफ्तरों के चककर नहीं लगाने पड़ेंगे और आमजन को त्वरित सुविधा, समय की बचत और पारदर्शी सेवा का अनुभव होगा। मुख्यमंत्री ने पहले की शुरूआत करते हुए कहा कि रेखा गुप्ता का कहना है कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब जनता की समस्याओं का समाधान उनके घर-द्वार पर ही सुनिश्चित किया जाए। यही इस मोबाइल कार्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करेगी। इस विशेष कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद कमलजीत सहरावत, स्थानीय विधायक और दिल्ली के गृह, शहरी विकास मंत्री शिक्षा व ऊर्जा मंत्री आशीष सूद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव यह संदेश दिया है कि नेतृत्व का असली अर्थ जनता की सेवा है और हमारी सरकार की यह अनूठी पहल प्रधानमंत्री की उस भावना से प्रेरित है जिसमें वे कहते हैं कि जनप्रतिनिधि का पद सत्ता का नहीं बल्कि सेवा और समर्पण का माध्यम है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने मोबाइल कार्यालय की परिकल्पना की है।

## आईएसबीटी कश्मीरी गेट परिसर में दुकानें बंद होने पर बढ़ा अवैध कब्ज़ा

### यात्रियों को देनी पड़े रही हैं खाद्य पदार्थों पर अधिक राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के प्रमुख अंतरराज्यीय बस अड्डे कश्मीरी गेट पर अतिक्रमण और अवैध विक्रेताओं की बढ़ती गतिविधियों ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लाइसेंस प्राप्त स्टॉलो, दुकानों को स्वच्छता और अतिक्रमण का हवाला देकर लगभग एक साल पहले बंद कर दिया गया है, लेकिन अब तक न तो उनका पुर्नआवंटन हुआ है और न ही कोई नई निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। दिल्ली सरकार की इस लापरवाही का फायदा उठाकर दुकानदों ने अवैध रूप से बस अड्डों पर कब्ज़ा जमा लिया है। ये अनधिकृत विक्रेता खुलेआम यात्रियों से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। यात्रियों को पानी, नाश्ते और जरूरी सामान सामान्य कीमत से दोगुने दाम पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। यही नहीं, इन अवैध गतिविधियों से जगह-जगह गंदगी फैल रही है और बस अड्डों की स्वच्छता व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इस संबंध में कश्मीरी गेट प्रशासन का कहना है कि समय समय पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर एक्शन होता रहता है। यात्रियों का कहना है कि जहाँ लाखों लोग रोजाना इन आईएसबीटी पर आते-जाते हैं, वहां इस तरह की अव्यवस्था न केवल उनकी जेब पर बोझ डालती है बल्कि उनकी सुरक्षा और सुविधा पर भी सवाल खड़े करती है। स्टॉल बंद होने से असली दुकानदारों और सरकार दोनों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

लोगों का कहना है कि दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम (डीटीआईडीसी) और दिल्ली सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर इस समस्या का स्थायी समाधान करें। अवैध कब्ज़ों को हटाकर उचित निविदा प्रक्रिया के तहत अधिकृत दुकानों को फिर से शुरू किया जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती सेवाएँ मिल सकें।

### आज भव्य डांडिया नाइट और कल से रामलीला का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** नवरात्रों की पूर्व संध्या पर आज, 21 सितंबर को भव्य डांडिया नाइट व रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को दशहरा उत्सव संपन्न होगा। अशोक विहार फेस 2 की आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने रामलीला स्थल पर शनिवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 सितम्बर 2025 रामलीला शुभारंभ के पूर्व संध्या पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा। डांडिया नृत्य साधो बैंड के सुप्रसिद्ध कलाकारों के नेतृत्व में संपन्न होगा। 22 सितंबर को हमारे पारिवारिक बाल कलाकारों के द्वारा एक दिन की संपूर्ण रामलीला का मंचन किया जाएगा। बाल कलाकारों ने पिछले दो माह से लगातार उत्साह के साथ दैनिक अभ्यास किया है। रामलीला का मंच ऐतिहासिक पुरातन महल जैसा दिखेगा। रामलीला का मंचन निपुण कलाकार प्रस्तुत करेंगे।

## डीडीए के सिंगल विंडो कैंप के पहले दिन लोगों ने उठाया फायदा, रविवार को भी होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनी दिल्ली आवास अधिकार योजना पीएम-अनधिकृत कॉलोनी इन दिल्ली आवास अधिकार योजना (पीएम-उदय) के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दो दिवसीय 20-21 सितम्बर 2025 सिंगल विंडो कैंपों का आयोजन रखा है। जिसके पहले दिन 20 सितम्बर शनिवार को विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कैंपों में लोगों ने अपने दस्तावेजों को जमा करने से लेकर अन्य कार्य करवाए। शनिवार को कैंप में आने वाले लोगों की संख्या कम रही, उम्मीद है कि रविवार को वीकेंड पर इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि कुल 10 अलग अलग जगहों पर कैम्पों का आयोजन किया गया।

# नवरात्रों के लिए सजने लगे मंदिर, सुरक्षा और सुविधा को लेकर किए जा रहे है खास इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शारदीय नवरात्रि 2025 के लिए दिल्ली के छोटे बड़े मंदिरों, दुर्गा पुजा के पंडालों व रामलीला मंचन के लिए तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। छोटे बड़े मंदिरों में सोमवार को प्रथम नवरात्रि के चलते तैयारियां में भक्तों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर खास इंतजाम किए जा रहे है। इनमें पांडव कालीन श्री कालका जी सिद्ध पीठ मंदिर, झंडेवाला बद्री भगत झंडेवालान मंदिर, हरी नगर संतोषी माता मंदिर, छतरपुर मां कात्यायनी मंदिर, रोहिणी रिंग रोड काली माता मंदिर, प्रीत विहार गुफा वाला मंदिर, योगमाया मंदिर व राजमाता झंडेवाला मंदिर गोरख पार्क शाहदरा में तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही है। पांडव श्री कालका जी सिद्ध पीठ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत ने बताया कि नवरात्रि के लिए तैयारियां जोरों पर है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी सेवानिवृत्त न्यायाधीश महोदय के अधीन है। मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है, निजी सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाई जाएगी, भक्तगण आसानी से मां के दर्शन कर सके इसके लिए योजना के तहत तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अवधूत के अनुसार नवरात्रि में मां के दर्शन के लिए दिल्ली के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित देश विदेश से भी भक्त आते है। झंडेवाला मंदिर के न्यासी व अतिरिक्त प्रबंधक रवींद्र गोयल ने बताया कि नवरात्र महोत्सव सोमवार 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर लाखों भक्त माँ झंडेवाली देवी जी के दर्शन करने आते हैं। सुविधा के लिए रानी झांसी मार्ग, देश बंधु गुप्ता मार्ग व वरूणालय साइड से मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश किया जा सकेगा।

### सीएम ने स्वामी विवेकानंद भवन का किया उद्घाटन

# दिल्ली को शिक्षा का अंतरराष्ट्रीय हब बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली को देश और विदेश के छात्रों के लिए शिक्षा का हब बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। यह बात शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंबेडकर विश्वविद्यालय में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन के अवसर पर कही। गौरतलब कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित 'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्मपुरा स्थित डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय के परिसर में नव-निर्मित स्वामी विवेकानंद भवन छात्रों को समर्पित किया। इस अवसर पर सांसद बासुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के शहरी विकास व शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधायक हरीश खुराना सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय सहित पूरे दिल्ली के विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय और उत्कृष्ट बनाया जाए। हमारा उद्देश्य देश और विदेश के छात्र इसे अपने अध्ययन के लिए प्राथमिकता दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय में हर प्रकार के संसाधन, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उच्च गुणवत्ता वाली फैकल्टी और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि हर छात्र को श्रेष्ठ विश्वविद्यालय का अनुभव मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिसर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मदन लाल खुराना और पूर्व केंद्रीय मंत्री रही सुषमा स्वराज जैसे महान नेताओं की स्मृति में और उनकी सेवा भावना को सम्मानित करते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी दिल्ली सरकार ऐसे ही प्रतिष्ठित परिसर और योजनाएं स्थापित करती रहेगी जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत हों। मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि दिल्ली के विश्वविद्यालय इतने आधुनिक और समृद्ध हों कि कोई भी छात्र वैश्विक स्तर पर यहां पढ़ाई करने के लिए आए। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों से आह्वान किया कि वे मिलकर इसे सर्वोत्तम विश्वविद्यालय बनाने में योगदान दें।

### नवनिर्मित भवन शिक्षा, चरित्र निर्माण और आधुनिक कौशल विकास का प्रतीक : सूद

दिल्ली के शिक्षा मंत्री ९आशीष सूद ने बताया कि स्वामी विवेकानंद भवन केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि शिक्षा, चरित्र निर्माण और आधुनिक कौशल विकास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि अंबेडकर विश्वविद्यालय की शुरुआत 2008 में केवल 19 विद्यार्थियों के साथ हुई थी और आज यहां 5500 से अधिक छात्र 73 विभिन्न प्रोग्रामों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने यह भी स्पष्ट किया कि हमारी सरकार शिक्षा को भविष्य में राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा निवेश मानती है और इसे प्राथमिकता देते हुए हर तरह की सुविधाए देने के लिए संकल्पित है। ऐसे में आज का यह नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद भवन छात्रों के व्यक्तित्व विकास, उद्यमिता, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल विकसित दिल्ली 2047 और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नशा मुक्ति के लिए आज बड़ी संख्या में दौड़ेंगे युवा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा 'नमो युवा रन' का आयोजन

नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा आज रविवार की सुबह दिल्ली विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ₹नमो युवा रन₹ का आयोजन करने जा रहा है। इस मैराथन में दिल्ली के 5000 से अधिक युवा हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर कर स्वस्थ और सशक्त भारत की दिशा में जागरूक करना है।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने शनिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर महात्मा गांधी जयंती तक चल रहे ₹सेवा पखवाड़ा₹ के तहत देशभर में नशा मुक्ति अभियान के रूप में यह मैराथन आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसा कैंसर है, जिसे देश के दुश्मनों ने हमारी जड़ों को कमजोर करने के हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। यदि युवा नशा मुक्त होगा, तो भारत और भी मजबूत होगा। कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेस्डर पद्मश्री व गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट सुधा सिंह ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके घर में कोई युवा नशे की गिरफ्त में है, तो उसे समझाइए और सहयोग कीजिए। क्योंकि नशे की चपेट में आने वाला सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरा परिवार कमजोर हो जाता है। जब युवा नशामुक्त होगा तभी भारत सशक्त होगा।

शारदीय नवरात्र विशेष

# आदिशक्ति की आराधना का महापर्व

जगत-जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना का वार्षिक महापर्व शारदीय नवरात्र का कल से शुभारंभ हो रहा है। पौराणिक काल से भारतीय जन मानस और संस्कृति में मां शक्तिस्वरूपा के पूजन की परंपरा आज भी बनी हुई है। मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप, उनकी व्यापकता और उनके पूजन-भक्ति विधान पर यहां विस्तार से बता रहे हैं।





आवरण कथा
आचार्य गोविंद बल्लभ जोशी

सनातन हिंदू धर्म व्यक्तिवादी नहीं मानवतावादी धर्म है, जहां प्रकृति और परमब्रह्म का चिंतन-मनन निहित है। 'एको अहम बहु स्याम' (अर्थात मैं एक होकर अनेक हो जाऊं) की संकल्पना से प्रारंभ होकर जब एक परमब्रह्म को यह लगा मैं एक से अनेक रूपों में होना चाहता हूं, तब उन्होंने अपनी पराप्रकृति आदि शक्ति का आलंबन लेकर जगत की सृष्टि प्रारंभ की। तब जलचर, थलचर, नभचर जीवों की उत्पत्ति इस जग जीवन को अलंकृत करने लगी। वहीं अन्न और वनस्पति जगत ने सभी के योगक्षेम का दायित्व प्रारंभ किया। आशय यह है कि इन सभी की आधार चेतना शक्ति के रूप में परांबा जगज्जननी आदिशक्ति दुर्गा भवानी विद्यमान हुईं। इसी आदिशक्ति की प्रकृति- परमात्मा की पूजा-आराधना का व्रत पर्वोत्सव है शारदीय नवरात्र में नव दुर्गा का उपासना पर्व।

## चराचर की चैतन्यशक्ति

मां आदिशक्ति भगवती चराचर की चैतन्य शक्ति हैं, प्रकृति में चेतना भरने वाली शक्ति ही पराम्बा भगवती दुर्गा हैं।

या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

मां दुर्गा जगत-उत्पत्ति जगत-पालन और जगत-संहार का कारण हैं। संसार का सार तत्व ही दुर्गा हैं। इनके बिना यह जगत असार है।

सृष्टि स्थिति विनाशानाम् शक्ति भूता सनातनी

सदैव विद्यमान चेतना शक्ति के कारण ही मां आदिशक्ति को सनातनी कहा गया है। यही आदिशक्ति अनेक कारणों से संसार में अनेक रूपों में अवतरित होती हैं और संसार के बिगड़ते संतुलन को व्यवस्थित करती हैं। इसी कारण यह संसार की व्यवस्थापिका हैं। कभी प्रकृति के असंतुलन को ठीक करने हेतु, कभी आसुरी शक्तियों का संहार कर दैवीशक्तियों को जागृत कर बलवती बनाने को, तो कभी अपने भक्तों का आर्त दूर करने आदि अनेक कारणों से अपनी विविध शक्ति स्वरूपों में प्रकट होती हैं।

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे
सर्वस्यार्त हरे देवि नारायणी नमोस्तुते।

## सौम्य के साथ रौद्रस्वरूपा

भवसागर से पार उतारने वाली होने के कारण इन्हें भवानी कहते हैं। मां का स्वरूप अतिसौम्य भी है तो अतिरौद्र भी है। सौम्य और सात्विक जनों की रक्षा हेतु मां दुर्गा रौद्र रूप धारण कर उन्हें आसुरी ताकतों से बचाती हैं और वात्सल्यमयी सौम्य स्वरूपा होकर भक्तजनों की रक्षा करती हैं।

अति सौम्यातिरौद्रायै नतास्तस्मै नमो नमः।

वस्तुतः शुंभादि दैत्यों का संहार होने के बाद इंद्रादि देवताओं ने इसी प्रकार माता दुर्गा की स्तुति प्रार्थना की थी। जो जगदंबा देवताओं की रक्षा करने हेतु अवतरित हुईं, वह मनुष्यों का भय



क्यों नहीं हरण करेंगी, जो लोग इसी श्रद्धा-भक्ति से मां की आराधना करते हैं, उन्हें लौकिक सुख एवं पारलौकिक सुख दोनों प्राप्त होते हैं।

## सहज भक्ति भी है फलदायी

कलिकाल में तो उनकी सहज भक्ति ही फलदायी बताई गई है। शास्त्र कहते हैं कि 'कलौ चंडी विनायकौ' अर्थात कलिकाल में चंडिका एवं विनायक गणपति जी महाराज की उपासना तत्काल फलदायी है। आसुरी ताकतों एवं दुष्ट प्रवृत्तियों से मुक्त होने का यह एकमात्र साधन है। राष्ट्र एवम सनातनधर्म की रक्षा हेतु चंडी-विनायक आराधना बहुत महत्वपूर्ण है। इसीलिए उपासना क्रम में विनायक गणपति आराधना के बाद ही दुर्गापूजा उत्सव आता है। इसीलिए प्राचीन काल से ही राजा और प्रजा सभी दुर्गा-उपासना पर्व को नवरात्र महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने नवरात्र आराधना एवं विजयदशमी पूजन के बाद लंकाविजय की हुंकार भरी थी।

## नवरात्र पूजन विधि-विधान

भक्तजनों की सुविधा हेतु संक्षिप्त पूजा विधान इस प्रकार दिया जा रहा है ताकि आप अपने पूजास्थल पर नवरात्र आराधना कर मां दुर्गा की कृपा प्राप्त कर सकें।

नित्य कार्यों से निवृत्त होकर गंगा-यमुना, कृष्णा, कावेरी, सिंधु, गोदावरी आदि नदियों का स्मरण करते हुए तीर्थ स्नान का पुण्य प्राप्त करने के बाद पूजा स्थान पर जाकर सर्वप्रथम सामग्री को व्यवस्थित कर स्वयं को केसरयुक्त रोली तिलक करें। फिर अखंडदीप जलाएं। तत्पश्चात स्वास्तिक बनाकर चौकी पर कलश स्थापित करें। कलश में हल्दी का एक टुकड़ा, एक सिक्का और आम-अशोक के पत्ते डालें। उनके ऊपर साबुत चावलों का भरा हुआ एक कटोरा, पूर्णपात्र के रूप में स्थापित करें। पूर्णपात्र में नारियल रखें। जटा नारियल का मुख ऊपर आसमान की ओर अथवा स्वयं की ओर करें। पुनः कलश को चारों ओर से लाल अथवा पीले वस्त्र से आच्छादित करें और उसे मौली से बांधना चाहिए। वहीं दो सुपारी रिद्धि-सिद्धि सहित श्री गणपति महाराज के रूप में स्थापित करें। उनके ऊपर कलावा का गोला, एक जोड़ा यज्ञोपवीत और दूर्वा रखकर हाथ जोड़कर कलश में सभी देवी-देवताओं के निमित्त पूजन प्रारंभ करें। सर्वप्रथम उन्हें आसन के निमित्त फूल अर्पित करें, फिर हाथ में फूल, रोली, अक्षत लेकर ध्यान लगाकर अर्पित करें। माता दुर्गा की प्रतिमा अथवा चित्र के समक्ष उनका आह्वान करें। दुर्गा जी की प्रतिमा के आगे कलश में ही गणपति, मातृका कलश वरुण, नवग्रह आदि का इस प्रकार पूजन करें। उन्हें चार बार आचमनी से जल समर्पित करें। इसका तात्पर्य यह है कि आप उनके चरण धो रहे हैं। हाथ से अर्घ्य दे रहे हैं। मुख में आचमनी करा रहे हैं और चौथी बार उनका सर्वांग स्नान करा रहे हैं। तत्पश्चात उन्हें वस्त्र अर्पित करें। वस्त्र के बाद तिलक करें। उन्हें धूप, दीप दिखाएं, फिर पंचमेवा लड्डू आदि प्रसाद चढ़ाना चाहिए। उसके बाद फल, तांबूल आदि अर्पित कर कुछ द्रव्य भेंट चढ़ाकर आरती करनी चाहिए।

इसके बाद प्रधान पूजा अर्थात नवदुर्गा पूजा भी इसी प्रकार पाद्य, अर्घ्य, आचमनी और सर्वांग स्नान, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, तांबूल आदि क्रम में रखें। भगवती दुर्गा के नौ के नौ रूपों का प्रतिदिन पूजन करना चाहिए। जो दिन जिस स्वरूप का हो, उस स्वरूप की उस दिन विशेष पूजा करनी चाहिए। सायंकाल गाय के घृत अथवा तिल के तेल से उनकी भक्तिभाव से आरती कर पुष्पांजलि करनी चाहिए और हाथ जोड़कर इस श्लोक का उच्चारण करें-

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्र्यंब्के गौरी नारायणी नमोस्तुते।

तत्पश्चात दोनों हाथ आस-पास की ओर उठाकर मां दुर्गा को शरणागत होते हुए कहें-

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे,
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणी नमोस्तुते।



इस प्रकार आप मां नवदुर्गा की आराधना कर सकते हैं। यदि संभव हो तो दुर्गा सप्तशती का पाठ करें या हिंदी अनुवाद पढ़ते हुए मां के नव स्वरूपों एवं चरित्रों को आत्मसात करें।

अष्टमी अथवा नवमी के बाद प्रत्येक भक्त परिवार को नवार्ण मंत्र से हवन कर मां को हलवा, पूड़ी, छोले का प्रसाद भोग लगाकर कन्या पूजन अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात भोज प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। *

---

बंगाल की भव्य-पारंपरिक

# राजबाड़ी दुर्गा पूजा

वैसे तो शारदीय नवरात्र में पूरे बंगाल में दुर्गा पूजा की छटा देखते ही बनती है। लेकिन वहां कुछ दुर्गा पूजाओं की परंपरा कई सदी पुरानी हैं। अपने में परंपरा, इतिहास और आस्था की त्रिवेणी समेटे इन दुर्गा पूजाओं में से कुछ पर एक नजर।



भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गा पूजा

पर्व परंपरा / शिखर चंद जैन

हालांकि सनातन धर्म के सभी अनुयायी दुर्गा पूजा में पूरी श्रद्धा और उत्साह से सम्मिलित होते हैं, लेकिन बांग्ला भाषियों के लिए यह सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव होता है। इन दिनों बंगाल जगमगाती रोशनी और सुर्ख रंगों से सज जाता है। चारों तरफ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, नए कपड़ों, मोहक सजावट वाले थीम आधारित भव्य-विशाल पंडाल और उत्साह-उमंग भरा उत्सवी माहौल नजर आता है। लेकिन इन सबसे दूर कुछ अत्यंत पारंपरिक, कुलीन और राजघरानों की दुर्गा पूजाएं भी आयोजित की जाती हैं, जो विशुद्ध रूप से सात्विक वातावरण और रीति-रिवाजों से आयोजित की जाती हैं। ये घराने दशकों से और इनमें से कुछ तो सदियों से दुर्गा पूजा मनाते आ रहे हैं। कई राजबाड़ियां (घराने) आज भी अस्तित्व में हैं। पूजा के दौरान इनमें सम्मिलित होना आस्था के सागर में डुबकी लगाने जैसा अनुभव देता है।



**बागबाजार हलदरबाड़ी दुर्गा पूजा:** यह भी कोलकाता की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण दुर्गा पूजा की सूची में शामिल है। हलदरबाड़ी की दुर्गा प्रतिमा की पिछले 447 वर्षों से प्रतिदिन पूजा की जाती रही है। यह प्रतिमा बलुआ पत्थर से बनी है और लगभग 600 से 700 वर्ष पुरानी है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि इसे बंगाल के पाल साम्राज्य के शासनकाल में निर्मित किया गया था। कुमारी पूजा, हलदरबाड़ी दुर्गा पूजा के मुख्य आकर्षणों में से एक है।

**भूकैलाश राजबाड़ी दुर्गोत्सव:** महाराजा जय नारायण घोषाल ने लगभग 300 साल पहले भूकैलाश राजबाड़ी में इस दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी, जो अब खिदिरपुर क्षेत्र में है। यहां पर महिषासुरमर्दिनी यानी मां दुर्गा की मूर्ति अष्टधातु से बनी है और देवी घोड़े के आकार के शेर पर सवार हैं।

**भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गा पूजा:** भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गोत्सव की शुरुआत वर्ष 1870 में हुई थी। इस पूजा की एक खासियत यह है कि इसकी प्रतिमा में महिषासुर, अंग्रेज सैनिकों की तरह कोट और पैंट पहनते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसे ब्रिटिश काल में सबसे पहले अंग्रेजों के विरोध में बनाया गया था। यहां यह परंपरा आज भी जारी है।

**बिष्णुपुर राजबाड़ी दुर्गापूजा:** इसकी शुरुआत लगभग 994 ईस्वी में हुई थी। यह पूरे बंगाल क्षेत्र की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजाओं में से एक है। इस पूजा को 'मृणमयी मां की



पूजा' के नाम से भी जाना जाता है। यहां दुर्गोत्सव की शुरुआत 15 दिन पहले ही हो जाती है। इस उत्सव के दौरान यहां माता रानी को सांकेतिक रूप से तोप की सलामी भी दी जाती है। नवमी के दिन गुप्त पूजा बंद कमरे में होती है।

**लाहा बारी दुर्गोत्सव:** यह वैष्णव परिवार महिषासुर वध को अहिंसक मानता है, इसलिए यहां मां दुर्गा का शांत रूप देखने को मिलता है। यह पूजा कितनी पुरानी है, इस पर विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वानों का कहना है कि भगवान प्राण कृष्ण लाहा ने लगभग 170 साल पहले यह पूजा सबसे पहले की थी, जबकि कुछ अन्य लोगों का मानना है



कि प्राण कृष्ण के पिता श्री राजीव लोचन लाहा ने लगभग 200 साल पहले इसकी शुरुआत की थी।

**मल्लिक बाड़ी दुर्गा महोत्सव:** यह कोलकाता की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजा में से है। भवानीपुर का मल्लिक परिवार के पूर्वज मुख्यतः वैष्णव धर्म का पालन करते थे। कहते हैं 15वीं शताब्दी ईस्वी में नवाब हुसैन शाह के समय से अब तक इस परिवार के सदस्य देवी दुर्गा की एक ही रूप में पूजा करते आ रहे हैं। ये वैष्णव धर्म का पालन करते हैं, इसलिए पूजा के पांच दिनों तक शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। *

## शोभा बाजार राजबाड़ी दुर्गा पूजा

**शोभा बाजार** राजबाड़ी के राजा नवकृष्ण देव ने 1757 में पहली बार यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया था। यहां प्राचीन रीति-रिवाजों के अनुसार दशभुजा की पारंपरिक पूजा की जाती है। यहां गैर-हिंदुओं को राजबाड़ी के बाहरी भाग में स्थित 'नाच घर' या नृत्य मंडप में विशिष्ट हिंदू पारिवारिक समारोह देखने को मिलता है। राजा नव कृष्ण देव ने इस दुर्गा पूजा की शुरुआत सभी धर्मों के लोगों को परिसर में प्रवेश की अनुमति देकर की थी। प्लासी के युद्ध के बाद, उन्होंने वॉरेन हेस्टिंग्स और लॉर्ड क्लाइव को भी इस भव्य पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। ऐसा कहा जाता है कि देवी दुर्गा, शाही महल के 'नाच घर' में बजने वाले मधुर गीतों को सुनने के लिए आती थीं।



---

गजल
गोविंद भारद्वाज



एक ऐसा ही शिफा उसने हमारा कर दिया,
बंद निगाहों से मेरी मां ने उतारा कर दिया।
थे जहां में आदमी हम भी बड़े ही काम के,
इश्क ने हमको यकीनन अब नकारा कर दिया।
छोड़ कर दुनिया चले आए उसी के पास हम,
बस निगाहों से जो उसने इक इशारा कर दिया।
थे कभी शबनम जमाने की निगाहों में अजी,
बेवफाई ने मगर उसकी अंगारा कर दिया।
प्यार उसने भी किया था बेतहाशा ही मगर,
नाम बदनाम लेकिन क्यों तुम्हारा कर दिया?
अब चले तन्हा कमाई के लिए परदेश में,
इस कमाने की हवस ने बेसहारा कर दिया।
पास जब दौलत रही सब खास थे 'गोविंद' के,
मुफलिसी के दौर में सब ने किनारा कर दिया।

---

आज के दौर में व्यवस्था तंत्र इतना भ्रष्ट हो चुका है कि छोटे-छोटे काम के लिए भी आम आदमी इसमें उलझ कर कसमसाता रहता है। इर्द-गिर्द मौजूद दलाल भी इस भ्रष्ट व्यवस्था के पोषक बन जाते हैं। भ्रष्ट व्यवस्था के तंत्र में फंसे एक आम आदमी पर केंद्रित कहानी।

# चाय की गुमटी

कहानी / भूपेंद्र भारतीय




आज सुबह से रुक-रुककर तेज बारिश हो रही थी। सितंबर माह का पहला सोमवार था, भादो की बरखा पूरे रंग में थी। तहसील के सामने वाली चाय की गुमटी में बैठा नयाराम तहसीलदार और पटवारी की बाट जोह रहा था। दोपहर की घड़ी आ गई थी। लग रहा था जैसे सूरज देवता बादलों के पार आराम कर रहे हैं। अब तक तहसील में कोई ज्यादा चहल-पहल नहीं हुई थी। सुबह से हो रही बारिश के कारण तहसील के आस-पास वाली दुकानें बंद थीं। बस कुछ ही लोग दिख रहे थे। नयाराम को अपने गांव से तहसील आए तीन घंटे बीत चुके थे। इन तीन घंटों में उसने दो चाय और आठ-दस बीड़ी पी ली थी। नयाराम अपने हल्के के पटवारी को भी निरंतर मोबाइल लगा रहा था, लेकिन पटवारी का सुबह से मोबाइल बंद आ रहा था। नयाराम दो-तीन बार तहसील के चपरासी से तहसीलदार और पटवारी के आने के बारे में पूछ चुका था। चपरासी का एक ही जवाब होता, 'साहब क्षेत्र में दौरे पर हैं, पता नहीं कब आएंगे।'

नयाराम के पिता की मृत्यु हुए करीब एक वर्ष से ऊपर हो गया था, लेकिन उसके पिता उसकी पुश्तैनी जमीन के कागजों में अब तक जिंदा थे। गुमटी में बैठे-बैठे उसे अपने 'जीसाहब' की बहुत सी बातें रह-रह कर याद आ रही थीं। नयाराम अपने पिता को 'जीसाहब' संबोधित करता था। बीड़ी का करीब आधा बंडल वह फूंक चुका था। मन बहलाने और समय काटने के लिए नयाराम के पास बीड़ी ही अंतिम साधन थी। चाय के लिए पैसे लगभग समाप्त हो चुके थे। आधे दिन से ऊपर का समय बीत चुका था। चाय की गुमटी वाले ने नयाराम की बेचैनी को देखकर उससे पूछा 'क्यों भाई, कब से बैठे हो? किसका इंतजार है? पटवारी-तहसीलदार या फिर किसी दलाल का...।'

नयाराम बोला, 'अरे भाई तहसीलदार, पटवारी दोनों की बाट देख रहा हूं। लेकिन देखो, आधा दिन से ऊपर हो गया है, अब तक किसी के दर्शन नहीं हुए। इतनी भी बारिश नहीं हो रही है कि तहसील ना आएं। सरकारी अधिकारी होकर कोई जिम्मेदारी नाम की भी चीज होती है, जनता जाए भाड़ में।' चाय वाला हल्की मुस्कान के साथ बोला, 'अरे भाई, यहां तो ऐसा ही चलता है। लगता है तुम्हें तहसील में काम-काज का ढंग पता नहीं है। यहां सीधे-सीधे काम करवाना श्रीहरि के दर्शन प्राप्त करने जैसा है भाई।'

नयाराम ने चाय वाले को अपना काम बताया कि पिता की मृत्यु के बाद पुश्तैनी जमीन का नामांतरण होना है। इस काम के लिए तहसीलदार, पटवारी से मिलने के लिए चक्कर पर चक्कर लगा रहा है। चायवाला नयाराम को एक और चाय देते हुए बोला, 'पहले शांति से यह चाय पी लो, फिर मैं तुम्हें बताता हूं तुम्हारा काम कैसे होगा।'

नयाराम ने चाय पीने के बाद एक और बीड़ी जला ली। इस बार उसने चाय वाले की ओर भी बीड़ी का बंडल बढ़ाया। चाय वाले ने भी उसमे से एक बीड़ी निकालकर जला ली। बीड़ी पीते हुए वह बोला, 'देखो भाई, आज का दिन तो तुम्हारा गया। अब साहब का आना मुश्किल है। लगता है साहब आज क्षेत्र के दौरे पर लंबे निकल गए हैं। तुम कल जल्दी आ जाना। मैं तुमको एक व्यक्ति से मिलवा दूंगा। वह तुम्हारा सारा काम बहुत आसानी से करवा देगा। बस तुम्हें थोड़ा खर्चा-वर्चा करना होगा।'

नयाराम पहले चौंका फिर उदास स्वर में बोला, 'लेकिन भाई कितना खर्चा होगा?'

चायवाला आहिस्ता से बोला, 'अरे, डरो मत। ज्यादा खर्चा नहीं होगा, तुम्हारा काम कम में ही हो जाएगा।'

नयाराम सोच में पड़ गया।

नयाराम की भाव-भंगिमा देखकर चाय वाला बोला, 'ज्यादा विचार मत करो, कल आराम से आओ, फिर बात करते हैं। अब गांव वापस जाओ, बारिश और ज्यादा हो सकती है। इस बार भादो अच्छा बरस रहा है।'

नयाराम एक नई उम्मीद के साथ अपने गांव को चलने के लिए उठा। उसने चाय वाले को चाय के लिए पचास का नोट दिया। चायवाला बोला, 'अरे भाई, कल करते हैं सारा हिसाब, आज रख लो यह नोट। अपने बच्चों के लिए बाजार से कुछ खाने की चीज ले जाना।'

नयाराम ने एक ओर बीड़ी जलाई और बोला, 'कल आता हूं।' फिर चाय वाले को राम-राम करके गांव जाने के लिए बाजार की ओर बढ़ गया। आज तहसील में उसका सारा दिन बेकार हो चुका था। *

---

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गहन जीवनदृष्टि से उपजी कहानियां

अगर देखने की गहन दृष्टि हो तो रोजमर्रा के जीवन में हमारे आस-पास तमाम ऐसी घटनाएं और किरदार मिल जाएंगे, जिनसे कहानी की रचना की जा सकती है। वरिष्ठ कथाकार हरि भटनागर को इस कला में दक्षता हासिल है। इस बात की तस्दीक करती हैं कुछ समय पूर्व छपकर आए उनके कहानी संग्रह 'आपत्ति' की कहानियां। इस संग्रह में कुल जमा बारह कहानियां संकलित हैं। हर कहानी की भावभूमि और कथावस्तु, हमें जीवन के अनछुए या कहें कि प्रायः उपेक्षित किए जाने वाली छवियों से रूबरू कराती है। संग्रह की छोटी सी कहानी है 'मोहम्मद', जिसमें कथाकार ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि असहिष्णुता किस तरह से व्यक्ति की चेतना और संवेदना को नष्ट कर देती है। शीर्षक कहानी 'आपत्ति' अपनी तरह की अनोखी कहानी है, जिसमें एक सुअरिया की गतिविधियों और भाव भंगिमाओं से उसके मनोविज्ञान का विश्लेषण लेखक ने किया है। संग्रह की अन्य कहानियों में कहीं वे घर के आस-पास विचरते पक्षियों, जानवरों पर कहानी बुन लेते हैं तो कहीं वे दरवाजे पर लटकते ताले के इर्द-गिर्द भी कहानी गढ़ लेते हैं। कह सकते हैं कि इस संग्रह की कहानियों को पढ़ते हुए यह साबित होता है कि जहां कहानी जन्म लेने की संभावना बिल्कुल नजर नहीं आती, वहां भी लेखक ने कहानी को रचा और पूरी कसावट के साथ बुना है। *




**पुस्तक:** आपत्ति (कहानी संग्रह), **लेखक:** हरि भटनागर, **मूल्य:** 265 रुपए, **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### पटना में फिर से झमाझम बारिश, यलो अलर्ट जारी



**पटना।** बिहार में मानसून फिर से पूरी तरह एक्टिव हो गया है। शनिवार सुबह से ही पटना के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में पटना, सारण, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। आज मौसम विज्ञान केंद्र ने गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर, बक्सर, मुजफ्फरपुर, कैमूर, यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कुड़मी आंदोलन से ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित

**धनबाद।** एसटी का दर्जा देने के लिए कुड़मी आंदोलन के कारण धनबाद मंडल में ट्रेनों का



आवागमन ठप हो गया है। इस दौरान ट्रेनें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। धनबाद सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस को रद्द कर दी गई है। गोमो से ट्रेन को वापस धनबाद लौटा दिया गया है। सोनुवा स्टेशन व उसको जोड़ने वाली सड़को पर पुलिस जवानों की भारी फोर्स तैनाती की गई है।

### वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा 25 हजार का इनामी

**रायबरेली।** जिले में वाहन चेकिंग के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त से पुलिस की मुठभेड़ हो



गई। मुठभेड़ में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया है। घायल को इलाज के लिए सीएससी जतुवा टप्पा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफरर कर दिया गया।शुक्रवार की देर रात गुरूबशगज थाने की पुलिस ने ढकिया हरचंदपुर मार्ग पर सिरसा मार्ग के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे अभियुक्त नाहर नट उर्फ राहुल पुत्र रमेश ने बाइक सवार अभियुक्त को रोका तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया।

# झूठे आरोप लगाना फिर भाग जाना राहुल व कांग्रेस की आदत

## झूठ और भ्रम फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे राहुल गांधी

## कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह का पलटवार



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में झूठ व भ्रम फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। उनके चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप झूठे और भ्रामक हैं। वे बार-बार बिना तैयारी के जनता के सामने आते हैं और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली बातें करते हैं। बार-बार झूठे आरोप लगाना और फिर भाग जाना राहुल गांधी और कांग्रेस की आदत बन गई है। आज कांग्रेस खोखली हो चुकी है, कांग्रेस पर जनता को विश्वास नहीं रहा। मुख्यमंत्री यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। नायब सैनी ने कहा कि घुसपैठियों और शहरी नक्सलियों को बचाने के लिए ही राहुल गांधी और कांग्रेस झूठे और निराधार आरोप लगा रही है। कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य लोकतंत्र में विश्वास को तोड़ना, अशांति पैदा करना और भारत को अस्थिर करना है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा : मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा संकल्प है जो हमें आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है। यही भारत की असली ताकत है और इसी ताकत को पहचानते हुए पीएम मोदी ने स्वदेशी का नारा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय पंचकमल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला को राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के अलावा संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री एवं मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया सहित सांसद, विधायक, मंत्री, जिलों के अध्यक्ष। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 25 सितंबर से लेकर 25 दिसंबर तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलेगा।

### भाजपा लोकतंत्र की रक्षा करती है और कांग्रेस घुसपैठियों की

भाजपा सरकार लोकतंत्र की रक्षा करती है और कांग्रेस घुसपैठियों की। मुख्यमंत्री ने तथ्य रखते हुए कहा कि राहुल गांधी ने 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के मतदाता सूची मामले को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जोड़ दिया, जबकि वे फरवरी 2025 में नियुक्त हुए थे। आखिर राहुल गांधी 2023 की घटना का दोष वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त पर क्यों मढ़ रहे हैं। जहां तक कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र की बात है, जिसका हवाला वे दे रहे हैं, वहां से 2023 में कांग्रेस जीती थी। वे सच को तोड़-मरोड़ कर पेश कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इस मामले में पहले ही एफ.आई.आर. दर्ज हो चुकी है। चुनाव आयोग ने उपयोग किए गए मोबाइल नंबर और आई. पी. पते भी उपलब्ध कराए थे। इसकी जांच कर्नाटक में कांग्रेस की ही सरकार की सी.आई.डी. कर रही है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि क्या राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी की सरकार की जांच पर भरोसा नहीं है।

### चुनाव आयोग ने खारिज किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी ने कहा है कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं है, बल्कि उनका, कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन का काम भाजपा का विरोध करना है। यह एक ही लाइन उनकी असली मंशा को उजागर करने के लिए काफी है। राहुल गांधी के सभी झूठे दावों को भारतीय चुनाव आयोग ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुछ ही मिनटों में खारिज किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलंद विधानसभा सीट के रिकॉर्ड बताते हैं कि 2023 में कांग्रेस के बी.आर. पाटिल ने 10,348 वोटों के बड़े अंतर से इसे जीता था। यह बताता है कि मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश के आरोप निराधार हैं, जो सीट कांग्रेस ने 2018 तक कभी नहीं जीती थी, अचानक कांग्रेस के पास चली गई।

## सीएम योगी ने किया मिशन शक्ति 5.0 का किया उद्घाटन

# 1647 थानों में महिला सुरक्षा केंद्र शुरू

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया। लखनऊ के लोक भवन सभागार में शनिवार को मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ किया गया। इस बार मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया। लखनऊ के लोक भवन सभागार में शनिवार को मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ किया गया। इस बार मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है। साथ ही सीएम योगी ने 1,647 थानों में नए मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन भी किया। इसके अलावा मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी पुस्तिका का विमोचन किया।

सीएम योगी ने मिशन शक्ति 5.0 के शुभारंभ के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में मिशन शक्ति के कार्यक्रम को प्रारंभ किया। ये अभियान नारी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए शुरू हुआ था। आज मिशन शक्ति के परिणाम हमारे सामने हैं। सीएम योगी ने दिशा पाटनी के घर पर शूटिंग करने वालों के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि आपने कल देखा होगा महिला संबंधी अपराध में संलिप्त एक अपराधी बाहर से आया था। वह संभवतः मारीच की तरह घुसा था, लेकिन जब यहां की पुलिस की गोली ने उसके शरीर को छलनी किया तो वह चिल्ला रहा था कि सर मैं गलती से उत्तर प्रदेश की सीमा में आ गया हूं, आगे से यह दुस्साहस नहीं करूंगा। यह हर उस अपराधी को करना पड़ेगा जो महिला सुरक्षा में सेंध लगाएगा।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने बेटी की पीड़ा सुनकर लिया था बड़ा निर्णय
- कन्या सुमंगला और सामूहिक विवाह योजना ने रचा इतिहास

### अब माफिया भी अपनी गलतियों के लिए समाज से मांग रहे माफी



उन्होंने कहा कि अब अपराधी और माफिया भी समाज में अपनी गलतियों के लिए माफी मांग रहे हैं। मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के संरक्षण और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगे, जिससे महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षा और सशक्तिकरण मिलेगा। महिलाएं-बेटियां पहले अपने आप को सुरक्षित नहीं समझती थीं, लेकिन आज का दिन है कि वो बिना डरे आगे बढ़ रही हैं। हम बेटियों को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। हम बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई तक की व्यवस्था भी कर रहे हैं। बेटी के जन्म पर 5000 की राशि उसके अभिभावक को दी जाती है। बेटी एक वर्ष की होने पर 2000 रुपए दिए जाते हैं। बेटी की शादी के लिए भी सरकार अनुदान दे रही। उन्होंने सभी विभागों को महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देने और जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

### महिलाओं के प्रति अपराध में 12,271 आरोपितों को सजा

*सीएम योगी ने कहा कि एक जनवरी, 2024 से अब तक महिलाओं अपराध से जुड़े 9,513 मामलों में 12,271 आरोपितों को सजा दिलाई गई। इनमें 12 को मृत्युदंड व 987 को आजीवन कारावास के अलावा अन्य श्रेणी की सजा हुई। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छ भारत मिशन (12 करोड़ शौचालय), उज्ज्वला योजना (10 करोड़ कनेक्शन) से महिलाओं के चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है।*

## बड़े भाई तेज प्रताप को पार्टी सिंबल पर तेजस्वी की दो टूक

# जो आरजेडी का सदस्य वही दल से लड़ेगा चुनाव

**एजेंसी ▸▸ पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने बड़े भाई और नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री रहे तेज प्रताप यादव के बारे में बड़ा बयान दिया है। तेज प्रताप को पार्टी से टिकट देने के सवाल पर उन्होंने साफ कहा कि जो आरजेडी का सदस्य होगा वही दल से चुनाव लड़ेगा। अनुष्का यादव के साथ निजी तस्वीरें वायरल होने के बाद लालू प्रयाद यादव ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। जदयू ने कहा है कि दोनों के बीच टकराहट चल रही है।

तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार अधिकार यात्रा पर हैं। शुक्रवार को तेजस्वी इसी क्रम में समस्तीपुर पहुंचे। वहां तेजस्वी यादव ने यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि तेज प्रताप यादव पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे तो जवाब में तेजस्वी यादव बोले, 'आरजेडी में जिसकी सदस्यता है वही चुनाव लड़ेगा ना।' जब उनसे यह पूछा गया कि आप बड़े भाई के चुनाव प्रचार में जाएंगे तो तेजस्वी बोले, ₹हमारी अपनी पार्टी है और अपनी विचारधारा है।

### पहली बार बड़े भाई के खिलाफ बयान

हालांकि, तेजस्वी यादव ने पहली बार बड़े भाई के खिलाफ बयान दिया है। इससे पहले तेज प्रताप नाम लिए बगैर कई बार तेजस्वी यादव पर हमला कर चुके हैं। पिछले दिनों तेज प्रताप अपने छोटे भाई के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर में बाढ़ प्रभावितों से मिलने चले गए और पूछा कि आपके विधायक क्यों नहीं आ रहे हैं। राघोपुर में उन्होंने राहत सामग्री का वितरण किया। वहां के लोगों को खाना खिलाया और पैसे भी दिए। पहले भी तेज प्रताप तेजस्वी के बारे में बोल चुके हैं। पार्टी से निकाले जाने पर वे अलग पार्टी बनाकर अपनी पहचान मजबूत करने में जुटे हैं।

## पेज एक का शेष

### दिसंबर 2027 में....

रहे हैं। साबरमती टर्मिनल लगभग पूरा हो गया है।

**हर 10 मिनट में एक ट्रेन उपलब्ध होगी:** उन्होंने कहा कि ट्रेनों के परिचालन की इस तरह से योजना बनाई गई है कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में हर आधे घंटे में एक ट्रेन रवाना होगी। पूरा नेटवर्क व्यवस्थित हो जाने पर, व्यस्त समय में हर 10 मिनट में एक ट्रेन उपलब्ध होगी। मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के लिए टिकट आरक्षित कराने की आवश्यकता नहीं होगी और यात्री स्टेशन पर टिकट ले सकेंगे।

**एक बटन दबाते ही, 5 किमी की खुदाई पूरी:** सुरंग के एक छोर पर खड़े होकर, वैष्णव ने बटन दबाया और नियंत्रित डायनामाइट विस्फोट से इसकी अंतिम परत को तोड़ दिया, जिससे पांच किलोमीटर तक की खुदाई पूरी हो गई। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड (एनएटीएम) का उपयोग करके खोदी गई यह सुरंग, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शिलपाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबे भूमिगत खंड का हिस्सा है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे 7 किलोमीटर का खंड भी शामिल है। समुद्र के नीचे बनाई जा रही इस सुरंग के महत्वपूर्ण सेक्शन में शनिवार को ब्रेकथ्रू (सुरंग का मिलन) हुआ है। यह 4.881 किमी लंबी सुरंग का एक खंड है।मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (508 किमी) भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना है। उन्होंने बताया कि जापान की एक टीम ने शुक्रवार को पूरे प्रोजेक्ट का दौरा किया और समीक्षा की। सभी ने कंस्ट्रक्शन और काम की क्वालिटी के बारे में सराहना की।

### मुंबई-अहमदाबाद 2 ....

2027 में सूरत-बिलिमोरा खंड पर शुरू किया जाएगा। यह 2028 में ठाणे और 2029 में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स तक हो जाएगा।

### सस्ता हुआ रेल नीर...

उपलब्ध कराता है। इसे आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम) संचालित करता है। इसकी शुरुआत साल 2003 में हुई थी। बोर्ड ने साफ किया है कि, यह नई कीमतें 22 सितंबर 2025 से पूरे देश में लागू होंगी। दरअसल, रेलवे की पीएसयू आईआरसीटीस मुख्य रूप से चार तरह के कारोबार से पैसा कमाती है। इनमें खानपान , रेल नीर, इंटरनेट टिकटिंग और पर्यटन शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा कमाई कपनी को पानी बेचकर होती है। कपनी ने वित्त वर्ष 2025 चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे मई 2025 जारी किए थे। इस तिमाही में कपनी को रेल नीर बेचकर 96 करोड़ की कमाई हुई थी।

## पेज 3 का शेष

### चिप हो या शिप...

है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता... उतनी ज्यादा देश की विफलता। विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। 140 करोड़ देशवासियों के भविष्य को हम दूसरों पर या उनकी निर्भरता पर नहीं छोड़ सकते। भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता है। 100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत, इसलिए हमें चुनौतियों से टकराना होगा और भारत को आत्मनिर्भर बनकर दुनिया के सामने खड़ा होना होगा। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए- चिप हो या शिप हमें भारत में ही बनाने होंगे।

### अब सरकार ने...

ईकोसिस्टम लगभग खत्म हो गया और विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। उन्होंने कहा कि करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40% व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5% रह गया है।

### तलाशी अभियान तेज,...

सैनिक (लांस दफादार बलदेव चंद) घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि घायल सैनिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के आसपास के क्षेत्र को रात के दौरान कड़ी घेराबंदी में रखा गया था और शनिवार सुबह तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया तथा आतंकवादियों का पता लगाने के लिए दिन के दौरान नए क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि डोडा और उधमपुर, दोनों जगहों से अतिरिक्त बल बुलाए गए तथा तलाशी अभियान में तेजी लाने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

**सेना और उपराज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि:** सेना और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि हम दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं। सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि व्हाइट नाइट कोर के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग' (जीओसी) और सभी रैंक के अधिकारी लांस दफादार चंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने 19 और 20 सितंबर की दरमियानी रात को जारी अभियान के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि उधमपुर में आतंकवाद-विरोधी अभियान के दौरान राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर लांस दफादार बलदेव चंद के अदम्य साहस को नमन। कृतज्ञ राष्ट्र सदैव उनकी वीरता और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा का ऋणी रहेगा।" उन्होंने इस कठिन समय में शहीद के परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की।

### मलयालम सुपरस्टार...

पुरस्कार समारोह में 23 सितंबर 2025 को दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मोहनलाल की अद्भुत सिनेमाई यात्रा पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। दिग्गज स्टार को भारतीय सिनेमा में उनके आइकॉनिक योगदान के लिए यह अवॉर्ड दिया जा रहा है। उनका टैलेंट और लगातार मेहनत ने भारतीय फिल्म इतिहास में अपनी अलग पहचान बनाई है। बता दें, यह अवॉर्ड भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है, जिसे उन दिग्गजों को दिया जाता है जिन्होंने अपने काम से इंडस्ट्री में नई ऊंचाइयां तय की हों। चार दशक से ज्यादा समय से फिल्मों में एक्टिव मोहनलाल ने ऑडियंस को यादगार किरदार दिए हैं और अपनी अलग पहचान बनाई है।

### पीएम मोदी ने ...

अग्रणी प्रकाश स्तंभ हैं और केरल की संस्कृति के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। उन्होंने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में भी उल्लेखनीय अभिनय किया है। विभिन्न माध्यमों में उनकी सिनेमाई और नाट्य प्रतिभा वास्तव में प्रेरणादायक है। दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई। उनकी उपलब्धियाँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें।

### 26 सितंबर को ...

विदाई के लिए वायुसेना चंडीगढ़ एयरबेस पर एक भव्य समारोह का आयोजन करेगी। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। लेकिन यहां एयर कमोडोर सुरेंद्र सिंह त्यागी के रूप में वायुसेना के उस शानदार फाइटर पायलट का जिक्र करना लाजमी है, जिनके अलावा मिग-21 की असली दास्तान शायद ही कोई और बता सके। क्योंकि ये वही पायलट हैं, जिन्होंने मिग-21 में 4 हजार घंटे और 45 मिनट की बेहद लंबी उड़ान भरकर न केवल एक विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। बल्कि एक समय में उड़ता ताबूत कहे जाने वाले इस विमान को उसका असली हवाई गौरव भी प्रदान किया है। हरिभूमि से खास बातचीत में एयर कमोडोर त्यागी ने मिग-21 से जुड़े हर सवाल का बखूबी तर्कसंगत जवाब दिया है। पेश हैं मुख्य अंश।

### प्रश्न- आपकी 34 साल...

लाभ मुझे ये मिला कि मैंने अपनी फ्लाइंग से इतर वायुसेना के कई युवा पायलटों को भी इस विमान को उड़ाने का प्रशिक्षण प्रदान किया। दूसरे नजरिए से यही कारण रहा कि मेरा मिग-21 की कई स्क्वाड्रन से जुड़ाव रहा है। मिग की नंबर 32 (जोधपुर बेस्ड) और 35 (बरेली बेस्ड) स्क्वाड्रन को मैंने कमांड किया है। इतना ही नहीं अंतिम विदाई समारोह में शामिल होने वाली 3 और 23 स्क्वाड्रन को दशकों पहले मैंने कन्वर्ट करने में योगदान दिया है।

**प्रश्न-आपकी अंतिम बार मिग-21 में उड़ान भरने की इच्छा है?:** उत्तर-बिलकुल थी, मैंने वायुसेनाप्रमुख से इसके लिए अनुरोध भी किया था। लेकिन अब मेरी उम्र हो चुकी है और एयरचीफ मार्शल ए.पी सिंह ने मुझे बताया कि इसके लिए उन्हें रक्षा मंत्री से अनुमति लेनी होगी। मैं जानता हूं उम्र के साथ क्या बाध्यताएं होती हैं। मेरा जवाब आपको मिल गया है।

**प्रश्न- मिग-21 से जुड़ा आपका विश्व रिकॉर्ड क्या है?:** उत्तर- मैंने इस लड़ाकू विमान में कुल करीब 4 हजार 45 मिनट की उड़ान भरी है। जिसमें कुल 6 हजार सार्टिज पूरी की हैं। बतौर फाइटर पायलट किसी लड़ाकू विमान को आज तक दुनिया में किसी ने इतनी लंबी अवधि तक नहीं उड़ाया है। इसलिए मेरे नाम ये एक विश्व रिकार्ड के रूप में दर्ज है। साथ ही ये प्रमाणित करता है कि मिग-21 कितना कुशल हवाई योद्धा यानी लड़ाकू विमान है। जिसकी मारक क्षमता पर किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए।

**प्रश्न-मिग की शुरुआती यादें, यूरी गैगरिन से जुड़ा किस्सा बताइए?:** उत्तर-मिग-21 भारत को रूस से 1963 में मिले थे। उस समय ये दुनिया के अग्रणी लड़ाकू विमान थे। ये वो दौर था जिसे असली मिग युग कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। क्योंकि तब अमेरिका का स्टार फाइटर था और दूसरा मिग था। लेकिन ये मिग ही था जो सबसे ज्यादा तेज गति वाला लड़ाकू विमान था और इसकी गति करीब 2.4 मैक थी। इस जहाज की एक खास बात ये है कि इसकी शुरुआती ऑपरेशनल एयर टेस्टिंग यूरी गैगरिन ने कराई थी। जो कि अंतरिक्ष में जाने वाले पहले मानव थे। देश में 1966 के बाद मिग-21 के स्क्वाड्रन का गठन शुरू हुआ। मैंने 1971 की लड़ाई में मिग-21 के जरिए भाग लिया था। उससे पहले 1965 में मैं हंटर विमान उड़ाता था। प्रारंभिक समय में 6 मिग भारत आए, बाद में इनकी संख्या बढ़ी। एक दौर ऐसा आया कि वायुसेना में मिग-21 की कुल 30 यूनिट थी।

**प्रश्न-1971 युद्ध में कैसा रहा आपका अनुभव?:** उत्तर- इस लड़ाई में, मैं तेजपुर में था। लेकिन ऑपरेशन के समय हम गुवाहाटी आ गए थे। इस युद्ध में मैंने 22 हवाई मिशन के जरिए मिग में उड़ान भरी थी। 3 दिसंबर 1971 को मैं कॉम्बैट एयर गश्त के तहत स्ट्राइक के लिए एयरबॉर्न हुआ। काम था अन्य बलों को एयरकवर देने का ताकि दुश्मन न आ सके और हमारी कार्रवाई में कोई दखल न पड़े। ये मिग-21 के साथ पूर्वी सीमा क्षेत्र में युद्ध के दौरान भरी गई मेरी पहली उड़ान थी। जिसके बाद पूरे 16 दिन तक लड़ाई चली और मैं उसमें शामिल रहा। हमने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के कई प्रमुख रनवे पर बम गिराए, आर्मी पोजीशन पर रॉकेट से हमला बोला। ऑर्ममेंट की ट्रेन को नष्ट किया। 13, 14 दिसंबर को ढाका से 45 किमी. नार्थ ईस्ट में मेघना नदी पार करके नरसिंहपुर नाम का एक छोटा रनवे था। रंगून से गवर्नर, जनरल नियाजी और दो चार अन्य वरिष्ठ लोगों को लेने के लिए यूएन का एक जहाज आ रहा था। हमें पता चल गया और हमने सुबह ही चार बम रनवे पर डालकर 25 फुट गहरे गड्ढे कर दिए। जिससे संदेश चला गया कि भारी हमला हो गया है। अब आत्मसमर्पण करने में ही भलाई है।

**प्रश्न- मिग-21 को उड़ता ताबूत कहना सही है?:** उत्तर- इसकी वायुसेना में एक समय पर 30 यूनिट थी। इतने ज्यादा विमान और पायलट थे। ये वो दौर था जब पूरी वायुसेना की रणनीतिक क्षमता, ताकत और दुश्मन में डर बिठाने के लिए केवल मिग 21 के प्रदर्शन पर ही सबकी निगाहें टिकी हुई रहती थीं। दूसरे शब्दों में हादसों की जहां तक बात है तो ये वैसा ही है जैसा एक समय में सड़कों पर केवल एंबेस्डर या फिएट कार ही होती थी। तब अगर कोई हादसा होगा तो इन्हीं का होगा। ऐसा ही मिग विमानों के साथ भी था, बाकी के नंबर ज्यादा नहीं थे। इसलिए जब भी कोई हादसा होता था तो मिग का नाम सामने आता था। बावजूद इसके मैं इस विमान को अचूक हवाई योद्धा की संज्ञा देता हूं जिसने दशकों तक निस्वार्थ भाव से देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की है। मिग-21 ने 62 साल के दौरान कुल 3.4 मिलियन उड़ानें भरी हैं। रिकॉर्डेड दुर्घटनाएं 400 हैं, जिनमें से बर्ड हिट 200 हैं। ऐसे में ये कहना कि विमान खराब है, उचित नहीं होगा।

**प्रश्न-पीएम राव, रूसी राजदूत ने आपको सम्मानित किया है?:** उत्तर-मैंने मिग पर 4 हजार घंटे से अधिक की उड़ान भरी है। जब ये रिकॉर्ड बना तो तत्कालीन वायुसेनाप्रमुख ने मुझे दिल्ली बुलाया और मुझे गोल्डन प्लॉक प्रदान की। ये खबर प्रधानमंत्री नरसिंह राव तक पहुंची तो उन्होंने एयरचीफ को फोन कर कहा कि मैं उस यंग मैन मिलना चाहता हूं। चीफ ने मुझे बताया और मैं उनसे मिला। ये खबर तब दूरदर्शन न्यूज पर आई। जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के मेरे गांव में भी आग की तरह फैल गई। हर कोई कह रहा था कि हमारा लाला सुरेंद्र टीवी पर आ गया रे देखयो। ये 1993 की बात है। 1994 में तत्कालीन सीएम गुजरात ने मुझे सिल्वर प्लॉक प्रदान की। इसके बाद में 2013 में मुझे रूस के राजदूत ने सम्मानित किया।

## अफसरों ने परखी व्यवस्था

# राष्ट्रपति करेंगीं श्रीकृष्ण कुब्जा मंदिर में दर्शन

**एजेंसी ▸▸ मथुरा**



श्रीबांकेबिहारी और जन्मभूमि के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 सितंबर को होलीगेट के अंतापाड़ा में स्थित श्रीकृष्ण-कुब्जा मंदिर में भी दर्शन करेंगी। उनके आगमन पर अधिकारियों ने मंदिर की व्यवस्थाएं परखीं। मंदिर के महंत आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण-कुब्जा मंदिर परिक्रमा मार्ग पर स्थित है, जहां भगवान कृष्ण राधा के स्थान पर कुब्जा के साथ विराजमान हैं। प्राचीन मंदिर की मान्यता है कि कुब्जा का उद्धार करने के बाद कृष्ण ने उन्हें सुंदर रूप दिया था। उनका शरीर टेढ़ा था। उनकी भक्ति से प्रसन्न होने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने उनके कुरूप को समाप्त कर सुंदर बनाया था। राष्ट्रपति के आने की सूचना के बाद डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार और नगर निगम के अधिकारी मंदिर की व्यवस्थाएं देखने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को मंदिर की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए और परिसर का सौंदर्यीकरण कराने को कहा है।

राष्ट्रपति 25 को वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी के दर्शन कर निधिवन और सुदामा कुटी जाएंगी। फिर मथुरा में कुब्ज कृष्णा मंदिर व श्रीकृष्ण जन्मभूमि जाएंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे से पूर्व ही वृंदावन नगरी को छावनी में तब्दील कर दिया जाएगा।



### आँखें और कान योजना के अंतर्गत सुरक्षा और संरक्षा पर शहरव्यापी जनसंपर्क अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** पुलिस मुख्यालय की जनसंपर्क शाखा ने जिला पुलिस के साथ मिलकर आज दिल्ली के सभी 15 पुलिस जिलों में ₹आँखें और कान₹ योजना के अंतर्गत सुरक्षा और संरक्षा पर शहरव्यापी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को ₹आँखें और कान₹ योजना के बारे में जागरूक करना है, जिसके तहत नागरिकों को संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों और अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान करके सुरक्षा और संरक्षा बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाता है। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, सभी जिलों में एक-एक स्थान पर ₹आँखें और कान₹ योजना के अंतर्गत सुरक्षा और संरक्षा पर एक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

**पाकिस्तान और सऊदी अरब में सुरक्षा समझौते में कहा गया कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर कोई हमला होता है तो इसे दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम आक्रमण समझा जाएगा। तत्कालीन नजरिए से देखें तो ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है कि पाक-सऊदी डिफेंस एग्रीमेंट भारत के लिए बहुत बड़ा सैन्य और कूटनीतिक झटका है। हां, ये जरूरी है कि इस समझौते से पाकिस्तान को सऊदी से वित्तीय और तेल सहायता मिल सकती है, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान की शक्ति बढ़ाएगी। ऐसे में भारत को इसे गंभीरता से लेना होगा और बदलती भू-सामरिक स्थिति को साधने के लिए अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी। अगर दीर्घकालीन दृष्टि से देखा, समझा और परखा जाए तो पाक-सऊदी सुरक्षा करार निश्चित तौर पर भारत के लिए खतरनाक संकेत भी है। हालांकि, सऊदी अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत के साथ उनके रिश्ते मजबूत बने रहेंगे और वे क्षेत्रीय शांति के लिए योगदान देते रहेंगे। फिर भी यदि यह समझौता क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देता है तो यह सभी के लिए लाभदायक होगा, लेकिन यदि यह टकराव को बढ़ावा देता है तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। पाक-सऊदी सुरक्षा समझौते का विश्लेषण करता *आजकल* का खास अंक...**

# पाक-सऊदी सुरक्षा करार के मायने



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**डिफेंस एग्रीमेंट के तहत पाकिस्तान और सऊदी अरब में करार अंजाम दिया गया है कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर अंजाम दिए गए सैन्य आक्रमण को दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम दिया गया आक्रमण समझा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब विगत अनेक वर्षों से भारत का शीर्ष आर्थिक और रणनीतिक साझीदार है। यक्ष प्रश्न है कि यदि दशकों पुरानी अपनी नृशंस जेहादी फितरत के वशीभूत होकर पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंकवाद जारी रखेगा तो सऊदी अरब क्या पाकिस्तान के साथ भारत के विरुद्ध मैदान-ए-जंग में उतर**

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर द्वारा 17 सितंबर को एक स्ट्रैटेजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट पर दस्तखत कर दिए गए हैं। डिफेंस एग्रीमेंट के तहत पाकिस्तान और सऊदी अरब में करार अंजाम दिया गया है कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर अंजाम दिए गए सैन्य आक्रमण को दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम दिया गया आक्रमण समझा जाएगा। तत्कालीन नजरिए से दृष्टिपात करें तो ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि पाक-सऊदी डिफेंस एग्रीमेंट भारत के लिए बहुत बड़ा सैन्य और कूटनीतिक झटका है। अगर दीर्घकालीन दृष्टि से देखा, समझा और परखा जाए तो पाक-सऊदी सुरक्षा करार निश्चित तौर पर भारत के लिए खतरनाक संकेत प्रस्तुत कर रहा है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत विरोधी आचरण अख्तियार करने के तत्पश्चात और ट्रंप द्वारा भारत के मुकाबले में पाकिस्तान को कहीं अधिक महत्व प्रदान करने के कारणवश, पाकिस्तान वस्तुतः अचानक पश्चिम एशिया में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मुल्क बन गया है। खाड़ी मुल्क अपनी सुरक्षा की खातिर अब पाकिस्तान, तुर्कीए और चीन की तरफ झुकते हुए प्रतीत हो रहे हैं। अभी तक अमेरिका की सुरक्षा पनाह में कायम बने रहे खाड़ी मुल्कों के लिए ये तीनों ही देश अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन और तुर्कीए तो पूरी तरह पाकिस्तानी पक्ष के साथ सन्नद खड़े रहे थे। अब लगता है कि पाकिस्तान के कट्टर समर्थकों की कतार में अमेरिका का अंध अनुसरण करते हुए सऊदी अरब भी बाकायदा शामिल हो गया है।

## रणनीतिक साझीदार मुल्क

भारत के लिए चिंताजनक बात यह है कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ डिफेंस एग्रीमेंट किया है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब विगत अनेक वर्षों से भारत का शीर्ष आर्थिक और रणनीतिक साझीदार मुल्क रहा है। यक्ष प्रश्न है कि यदि मुस्तकबिल में दशकों पुरानी अपनी नृशंस जेहादी फितरत के वशीभूत होकर पाकिस्तान यकीनन भारत के विरुद्ध अपनी आतंकवादी कार्रवाइयां जारी रखेगा और जेहादी आतंकवाद का प्रतिकार और प्रतिशोध लेने के लिए पाकिस्तान पर भारत पुनः सुरक्षात्मक आक्रमण भी अंजाम देगा, तो सऊदी अरब क्या पाकिस्तान के साथ भारत के विरुद्ध मैदान-ए-जंग में उतर जाएगा? यह मुमकिन है कि सऊदी अरब अपने फौजी दस्तों को भारत के विरुद्ध आक्रमणकारी युद्ध में पाकिस्तान के पक्ष में कदापि नहीं भेजें, किंतु सऊदी अरब का पेट्रो डॉलर का अकूत खजाना पाकिस्तानी फौज को शक्तिशाली बनाने के लिए बहुत विशाल आर्थिक इमदाद तो कर ही सकता है।

## अमेरिकी सैन्य टेक्नोलॉजी

सऊदी अरब के पास अमेरिकी टेक्नोलॉजी विद्यमान रही है। डिफेंस एग्रीमेंट के पश्चात सऊदी अरब आधुनिकतम सैन्य टेक्नोलॉजी को पाकिस्तान को उपलब्ध करा सकता है। पाकिस्तान की फौज के लिए अमेरिकी सैन्य टेक्नोलॉजी की उपलब्धता बड़ी सौगात सिद्ध होगी और यह सैन्य स्थिति भारत के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है। खाड़ी मुल्कों में सबसे अहम मुल्क सऊदी अरब है और इसने पाकिस्तान के साथ डिफेंस एग्रीमेंट क्यों अंजाम दिया है, जटिल प्रश्न है इसका समुचित उत्तर है कि अमेरिका पर अब खाड़ी मुल्कों को अधिक यकीन कायम नहीं रह गया है। इस्लामी दुनिया की नजरों में डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में अमेरिका वस्तुतः इजरायल का अंध समर्थक देश बनकर उभरा है। दो दिनों में गाजा युद्ध को खत्म करने का दावा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभी तक इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को गाजा में युद्ध विराम के लिए राजी नहीं कर सके हैं। सऊदी अरब इस्लामी मुल्कों का सर्वोच्च लीडर देश बन जाने की बड़ी ख्वाहिश पाले रखता है और इस मामले में उसका मुकाबला सदैव तुर्कीए के साथ रहा है।

## अमेरिका दुश्मन करार

हाल ही में हमास सरगनाओं को कत्ल करने की खातिर कतर पर अंजाम दिए गए इजरायली आक्रमण ने पश्चिमी एशिया स्थिति को बहुत बिगाड़ कर रख दिया है। कतर में अमेरिका का अल उदेद नामक एयरबेस विद्यमान है। इसके बावजूद 9 सितंबर को कतर पर अंजाम दिए गए इजरायली आक्रमण पर अमेरिका की प्रतिक्रिया बेहद निराशाजनक रही। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात 1945 से ही खाड़ी के देशों में अमेरिका का किरदार एक सैन्य सुरक्षा प्रदान करने वाले मुल्क का बना रहा है, किंतु इजरायल बनाम गाजा की जंग में अमेरिका की भूमिका पर पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में हलचल मची हुई है। अमेरिका को इस्लामी मुल्कों का दुश्मन करार दिया जाने लगा है। पश्चिम एशिया के मुल्कों का जनमत अमेरिका के विरुद्ध खड़ा हो गया है। विगत कुछ वर्षों के दौरान भारत द्वारा सऊदी अरब और अन्य खाड़ी मुल्कों से अपने कूटनीतिक ताल्लुकातों को शक्तिशाली बनाने के लिए गहन और गंभीर प्रयास किए गए। भारत द्वारा सऊदी अरब के साथ कूटनीतिक संबंध को रणनीतिक संबंध के उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी वर्ष माह अप्रैल में सऊदी अरब के दौरे पर गए थे। आखिरकार क्या परिणाम निकला परस्पर संबंधों को ताकतवर बनाने का, जबकि सऊदी अरब ने पाकिस्तान का दामन थाम लिया? क्या अब वो भविष्य में पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के विरुद्ध खड़ा हो जाएगा? इस्लामी मुल्क भविष्य में अपनी हिफाजत के लिए पश्चिमी मुल्कों के नॉटो सैन्य संगठन की तर्ज ओ तरीके पर एक अपना इस्लामी सैन्य संगठन तशकील करने के विषय में संजीदगी से विचार विमर्श करने में जुटे हुए हैं। इस्लामी मुल्कों में पाकिस्तान ही एक अकेला ऐसा मुल्क है, जिसके पास परमाणु अस्त्रों की ताकत है।

## परमाणु अस्त्रों की क्षमता

अपनी परमाणु अस्त्रों की क्षमता के कारण पाकिस्तान अब अमेरिका से हताश निराश हुए खाड़ी मुल्कों का दुलारा और प्यारा मुल्क बन गया है। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को सेंट्रल ट्रीटी सैन्य संगठन का सदस्य देश बनाया गया, जिसे बगदाद पैक्ट भी कहा गया। जेहादी सरगना ओमामा बिन लादेन को वर्षों तक पाक फौज की निगरानी पनाह देने वाले पाक हुक्मरानों को अब फिर से डोनाल्ड ट्रंप अपने गले से लगाने लगे हैं। भारत ने उन विकट हालात का वीरता और बलिदान देकर कामयाबी से मुकाबला कर लिया और जेहादियों को परास्त किया जबकि अमेरिका, पाकिस्तान और पेट्रो डॉलर उसके बड़े शत्रु बने हुए थे। अब तो भारत बहुत ताकतवर है और ग्लोब्ल साऊथ के देश भारत के साथ खड़े हुए हैं। ब्रिक्स की शक्ति भारत के साथ सन्निहित है। हर हाल में भारत फतेहयाब होकर रहेगा।

# पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते से भारत रहे सतर्क



रणनीति
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ स्तंभकार

लुटियंस दिल्ली के दिल में भारत के विदेश मंत्रालय के मुख्यालय साउथ ब्लॉक में इन दिनों पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते का भारत पर किस तरह का असर होगा, इस विषय पर विभिन्न कोणों से अध्ययन हो रहा होगा। इस समझौते को 'स्ट्रेटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट' नाम दिया गया है, जिसमें एक प्रमुख धारा यह है कि किसी एक देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। यह समझौता नाटो-शैली का है, जहां हमले की स्थिति में दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस समझौते की पृष्ठभूमि में हाल की क्षेत्रीय घटनाएं, जैसे इजरायल का कतर पर हमला और अमेरिका की सुरक्षा गारंटी में आई कमजोरी, प्रमुख भूमिका निभाती हैं। भारत के लिए यह समझौता एक दोधारी तलवार है। एक ओर, भारत और सऊदी अरब के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं। भारत सऊदी से 100 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार करता है।

भारत मुख्य रूप से तेल आयात करता है सऊदी अरब से। सऊदी अरब ने स्पष्ट किया है कि भारत के साथ उसके संबंध मजबूत रहेंगे और यह समझौता भारत के खिलाफ नहीं है। अप्रैल 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी यात्रा के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग बढ़ाने की योजना बनाई थी। खाड़ी देशों में 90 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, जो रेमिटेंस का बड़ा स्रोत हैं। बेशक, यह समझौता भारत की मध्य पूर्व नीति को चुनौती देता है। पाकिस्तान अब मुस्लिम दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया संयमित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा कि भारत इस विकास का अध्ययन करेगा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। भारत के लिए अवसर भी हैं। यह समझौता भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का अवसर देता है। क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों को मजबूत करना, अंडमान-निकोबार द्वीपों पर रक्षा बुनियादी ढांचा विकसित करना और नौसेना गश्त बढ़ाना आवश्यक है। भारत ओमान, यूएई और बहरीन जैसे मध्यमार्गी खाड़ी देशों से संबंध मजबूत कर सकता है। ऊर्जा विविधीकरण के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर जोर देना चाहिए। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग दशकों पुराना है। 1960 के दशक से ही पाकिस्तान सऊदी अरब को सैन्य प्रशिक्षण, सैनिकों की तैनाती और रक्षा सहायता प्रदान करता आया है। हालांकि, यह नया समझौता पहले के अनौपचारिक संबंधों को औपचारिक रूप देता है, जो क्षेत्रीय तनावों के कारण आवश्यक हो गया था। हाल ही में इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा पर हमला किया, जो सऊदी अरब की सीमा से सटा हुआ है। इस हमले में अमेरिका की चुप्पी ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सुरक्षा गारंटी पर संदेह पैदा कर दिया। अमेरिका के पास मध्य पूर्व में करीब 40,000-50,000 सैनिक तैनात हैं, लेकिन इजरायल के हमलों पर वाशिंगटन की निष्क्रियता ने सऊदी अरब को वैकल्पिक सुरक्षा भागीदारों की तलाश करने पर मजबूर किया। इसी संदर्भ में पाकिस्तान, जो मुस्लिम दुनिया का एकमात्र परमाणु हथियार संपन्न देश है, सऊदी अरब के लिए एक आकर्षक सहयोगी बन गया। समझौते में रक्षा उद्योग सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सैन्य सह-उत्पादन शामिल हैं, जो दोनों देशों की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करेंगे। विदेश मामलों के जानकार मानते हैं कि यह समझौता क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बदलने वाला है। मध्य पूर्व में इजरायल की आक्रामकता और ईरान के साथ तनाव के बीच सऊदी अरब को एक मजबूत सहयोगी की जरूरत थी। पाकिस्तान के लिए यह आर्थिक और रणनीतिक लाभ का स्रोत है, क्योंकि सऊदी अरब से तेल आपूर्ति और वित्तीय सहायता मिल सकती है। अब जान लेते हैं कि यह समझौता दोनों देशों के लिए क्यों अहम है? सबसे पहले, सऊदी अरब के लिए यह अमेरिकी निर्भरता से मुक्ति का कदम है। पाकिस्तान की परमाणु क्षमता इस समझौते को और मजबूत बनाती है। पाकिस्तान के लिए यह समझौता आर्थिक संकट से उबरने का अवसर है। पाकिस्तान को सऊदी से तेल आपूर्ति, निवेश और सैन्य सहायता मिल सकती है, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान संबंध तनावपूर्ण हैं। इस समझौते से पाकिस्तान को सऊदी की वित्तीय और तेल सहायता मिल सकती है, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान की शक्ति बढ़ाएगी। यदि यह समझौता क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देता है, तो यह सभी के लिए लाभदायक होगा, लेकिन यदि यह टकराव को बढ़ावा देता है, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।

**पाकिस्तान अब मुस्लिम दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया संयमित रही है।**

# रक्षा सहयोग के साथ ही एक रणनीतिक संदेश



कूटनीति
महेंद्र तिवारी
स्वतंत्र पत्रकार

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में हुआ सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता दक्षिण एशियाई राजनीति और भारत–सऊदी रिश्तों के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इस समझौते को पश्चिम एशिया और एशियाई राजनीति के कई जानकार केवल रक्षा सहयोग नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश मानते हैं।

अमेरिकी विशेषज्ञ माइकल कुलेगमेन ने कहा कि यह केवल सैन्य सहयोग का मामला नहीं बल्कि पाकिस्तान का यह दिखाना है कि वह चीन, तुर्की और अब सऊदी जैसे बड़े सहयोगियों के साथ खड़ा है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि इसे भारत को पाकिस्तान पर हमला करने से रोकने वाली दीवार मानना जल्दबाज़ी होगी। पश्चिम एशियाई मामलों के जानकार जहाकतनवीर ने भी याद दिलाया कि सऊदी–पाक रक्षा समझौता कोई नई बात नहीं है। अतीत में ऐसे कई समझौते हुए हैं जो ज्यादातर सऊदी की सुरक्षा तक सीमित रहे, पाकिस्तान के लिए नहीं। पाकिस्तान की सेना को कई बार सऊदी हितों के लिए किराए की सेना कहा गया है। सीधे भारत के खिलाफ सैन्य सहयोग की संभावना फिलहाल बेहद कम है। पाकिस्तान और सऊदी अरब का संबंध ऐतिहासिक रूप से गहरा रहा है।

ईरान–इराक युद्ध के दौरान (1980–88) पाक ने सऊदी को सुरक्षा का भरोसा दिया था। 1965, 1971 और कारगिल 1999 के भारत–पाक युद्धों में सऊदी अरब ने पाकिस्तान को वित्तीय और राजनयिक मदद दी, पर उसने कभी भारतीय मोर्चे पर अपनी सेना नहीं भेजी। 2014–15 में सऊदी ने इस्लामी सैन्य गठबंधन बनाया था, जिसका नेतृत्व पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख राहील शरीफ को सौंपा गया था। इन घटनाओं से यह साफ है कि सऊदी और पाकिस्तान का रिश्ता परस्पर ज़रूरतों और रणनीतिक लाभ पर आधारित रहा है। इस नए डिफेंसएग्रीमेंट ने इस रिश्ते को एक नया आयाम दिया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सऊदी अरब भारत के खिलाफ सीधी सैन्य कार्रवाई करेगा। भारत और सऊदी अरब के बीच के रिश्तों की बात करें तो सऊदी ने कभी भी भारत विरोधी आतंकवाद को समर्थन नहीं दिया।

इसके उलट, दोनों देशों के बीच ऊर्जा व्यापार, निवेश और प्रवासी भारतीयों के माध्यम से मजबूत आर्थिक और सामाजिक संबंध हैं। सऊदी अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत के साथ उनके रिश्ते मज़बूत बने रहेंगे और वे क्षेत्रीय शांति के लिए योगदान देते रहेंगे। कुल मिलाकर, यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए आर्थिक और कूटनीतिक राहत, सऊदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गारंटी, और भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।

**यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए आर्थिक और कूटनीतिक राहत, सऊदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गारंटी, और भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।**

# सार्वभौम उदारता त्यागकर अब कठोरता दिखाए भारत



विमर्श
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

अंतराष्ट्रीय कूटनीतियां आधुनिक युग में संतुलन की स्थिति में हैं ही नहीं। विदेश स्तर की कूटनीतियों का यह असंतुलन भारत के लिए प्रतिदिन समस्या खड़ी कर रहा है। नवीन समस्या पाकिस्तान तथा सऊदी अरब के मध्य गत 17 सितंबर को हस्ताक्षरित हुए एक रणनीतिक रक्षा अनुबंध के परिप्रेक्ष्य में उभर रही है। दोनों देशों ने हस्ताक्षरित अनुबंध प्रारूपों का आदान-प्रदान करने की समयावधि में एक संयुक्त वक्तव्य दिया है कि उनमें से किसी भी देश पर किसी भी प्रकार के आक्रमण को दोनों ही देशों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।

विचारणीय 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा अनुबंध' पर सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अब्दुल अजीज अल सऊद और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। दो मुस्लिम देशों के बीच हुआ यह अनुबंध भारत के लिए कई संदर्भों में चिंतनीय है। अभी तक इस अनुबंध पर भारत की ओर से भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का ही वक्तव्य आया है। उनके अनुसार, भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी कार्य करेगा तथा सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। अमेरिका की पहल पर भारत विरोधी दो मुस्लिम देशों की इस नई गुटसापेक्षता द्वारा भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। हालांकि सऊदी से भारत के द्विपक्षीय संबंध कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थिति में हैं। चाहे द्विपक्षीय स्थिर संबंध हों, ऊर्जा सुरक्षा हो, निवेश का बड़ा प्रवाह हो अथवा वहां रह रहे भारतीयों द्वारा उस देश के चहुंदिश विकास में उच्च स्तर की पदाधिकारिक महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाए जाने का सत्य हो, किंतु अब परिस्थिति भिन्न हो चुकी हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में ही दोनों देशों का परस्पर व्यापार 42.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का हुआ था, जिसमें से हमने वहां से 31.42 बिलियन डॉलर मूल्य का आयात किया तो यहां से वहां 11.56 बिलियन यूएसडी मूल्य का निर्यात संपन्न हुआ। भारत कच्चे तेल तथा पेट्रो उत्पादों की बड़ी मात्रा के लिए अरब देश पर निर्भर है। विगत में दोनों देशों के विशिष्ट संबंधों का परिलक्षण तब दिखा था जब 2016 में सलमान बिन ने नरेंद्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुल अजीज सैश' प्रदान किया था। भारतीय नेतृत्व के प्रति इस सीमा तक सम्मान प्रदर्शित करने के बाद भी आज अकस्मात अमेरिकी दबाव में सऊदी की वैश्विक दक्षिण में भारत के प्रति एक विरोधी छवि उभर कर सामने आई है। हालांकि अभी पाकिस्तान और सऊदी के बीच हुए रक्षा अनुबंध की विस्तृत रूपरेखा सामने नहीं आई है, किंतु इतना तो निश्चित है कि यदि पाकिस्तान के साथ रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौते के बाद संयुक्त वक्तव्य में दोनों देशों की ओर से किसी शत्रु देश का संकेत उभरता है, तो पाकिस्तान के संदर्भ में तो वह भारत ही हुआ, और सऊदी के पाकिस्तान के साथ होने के संकेतन का अर्थ भी यही है कि वह भी अप्रत्यक्ष रूप में भारत का शत्रु ही हुआ। इस परिप्रेक्ष्य में भारत के सामने अमेरिका से लेकर सऊदी अरब तक अपनी कूटनीतिक गतिविधियों को नवाकार देने की चुनौती उभर आयी है।



**भारत उन देशों के प्रति सार्वभौम उदारता प्रदर्शित करना बंद करे, जो द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकाल तक संभाले रखने की तुलना में स्वार्थ व एकाधिकार की नीतियों के कारण उन्हें तोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं**

गत आठ-नौ माह में भारत के संबंध अमेरिका के साथ जिस ढंग से असंतुलित हुए हैं, उस कारण भारत के प्रति सऊदी की द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति में भी परिवर्तन आ चुका है। सामरिक सुरक्षा हेतु अमेरिकी कृपा पाने के लिए सऊदी ने भारत के प्रति अपनी कूटनीतिक स्थितियां उसी प्रकार ढाल ली हैं, जैसे अमेरिका ने उससे अपेक्षा की है, और निश्चित रूप में अमेरिकी शासन मध्य एशिया में खाड़ी के अग्रणी देशों में से एक सऊदी को भारत के अनुकूल बनाये नहीं रखना चाहता। चूंकि ऑपरेशन सिंदूर की समयावधि में पाकिस्तान के बहाने भारत व अमेरिका के संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हुआ था, इसीलिए अमेरिका उसी के माध्यम से सऊदी को भारत के प्रतिरोध में खड़ा करने का प्रयास कर रहा है।

अरब देश भारत विरोधी पाकिस्तान वाले गुट में सम्मिलित होने की अमेरिकी मंशा का विरोध नहीं कर सकता है और तब तक तो कदापि नहीं कर सकता है, जब तक वह अपनी सामरिक आवश्यकताओं के लिए अधि सीमा तक अमेरिका पर ही निर्भर है। भारत के प्रति अमेरिका, चीन, सऊदी अरब तथा अन्य देशों का जो कूटनीतिक भेदभाव परिलक्षित हो रहा है, उससे हमें यही शिक्षा ग्रहण करनी होगी कि अब भविष्य में भारत कम से कम उन देशों के प्रति सार्वभौम उदारता प्रदर्शित करना बंद करे, जो पारस्परिक द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकाल तक संभाले रखने की तुलना में स्वार्थ व एकाधिकार की नीतियों के कारण उन्हें तोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# समझौते से बढ़ सकती हैं भारत की सैन्य मुश्किलें



सैन्य चुनौती
डॉ. एन. के. सोमानी
वरिष्ठ पत्रकार

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों बुरी तरह से पिट चुका पाकिस्तान अब अपनी रक्षा और सुरक्षा के लिए सैन्य समझौतों की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। सऊदी अरब के साथ किया गया स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि पाकिस्तान इससे पहले अमेरिका के नेतृत्व वाले समझौतों और गठबंधनों का हिस्सा रहा है लेकिन सऊदी अरब के साथ हुआ समझौता उस बाध्यकारी खंड के कारण अहम हो जाता है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देशों में से किसी के भी खिलाफ किसी भी तरह के हमले को दोनों पर किया गया आक्रमण माना जाएगा।

समझौते की शब्दावली एक तरह से नाटो के खंड 5 की 'कॉपी' है, जिसमें कहा गया है कि एक देश पर हमला सभी सदस्य देशों पर हमला माना जाएगा और सभी सदस्य उससे अपनी तरह से निबटेंगे। यही वजह है कि पाकिस्तान-सऊदी अरब सुरक्षा समझौते को मीडिल ईस्ट में नाटो का आरंभ कहा जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि जल्दी ही कुछ और देश भी समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। भारत ने समझौते पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। भारत का कहना है कि वह क्षेत्रीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्यन करेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक का शीर्ष नेतृत्व लगातार इस बात की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है कि वह किसी न किसी तरह भारत को दुनिया के बड़े देशों से अलग-थलग कर दे। पाक नेताओं और फिल्ड मार्शल असीम मुनीर के विदेश दौरों का सिलसिला पाकिस्तान की इस कोशिश का ही परिणाम है। हालांकि समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद सऊदी अरब ने कहा है कि भारत के साथ हमारे मजबूत संबंध हैं, हम संबंधों को आगे बढ़ाते रहेंगे। यह समझौता किसी खास देश या घटना विशेष की प्रतिक्रिया नहीं है बल्कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक और गहन सहयोग का संस्थागत रूप है। हम क्षेत्रीय शांति में हर संभव योगदान देने का प्रयास करेंगे। भारत और सऊदी के बीच अरसे से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। भारत सऊदी का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा में सऊदी और उसकी खाद्य सुरक्षा के लिए भारत अहम देश है। संयुक्त सैन्य अभ्यास के माध्यम से भी दोनों देश रक्षा सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश आतंकवाद, उग्रवाद और वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए खुफिया जानकारी साझा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत और सऊदी अरब के संबंध खासे मजबूत हुए हैं। मोदी अब तक तीन बार (2016, 2019 और अप्रैल 2025) सऊदी अरब का दौरा कर चुके हैं। साल 2016 में जब पीएम मोदी पहली दफा सऊदी की यात्रा पर गए, उस वक्त सऊदी अरब ने उन्हे अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। साल 2019 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भारत की यात्रा पर आए तो पीएम मोदी खुद दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए पहुंचे। भारत यात्रा पर आए सऊदी प्रिंस ने उस वक्त कहा था कि पिछले 70 सालों में सऊदी अरब को खड़ा करने में भारत की भी अहम हिस्सेदारी रही है। ऐसे में सवाल यह है कि सऊदी अरब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद का पोषण करने वाले देश के साथ इस तरह के समझौते के लिए क्यों राजी हो गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि सऊदी परमाणु शक्ति संपन्न भारत के साथ संबंधों को संतुलित करने की आवश्यकता महसूस करने लगा है। सच तो यह है कि पिछले दिनों इजरायल द्वारा कतर की राजधानी दोहा पर किए मिसाइल हमलों ने खाड़ी देशों के भीतर इस कदर भय उत्पन्न कर दिया है कि उनका वाशिंगटन पर भरोसा डगमगा गया है।



**निसंदेह समझौते के बाद पाकिस्तान की ताकत और अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में भारत को स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट को गंभीरता से लेना होगा तथा अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी।**

माना जा रहा है कि सऊदी सीधे तौर पर भारत पर हमला नहीं करेगा लेकिन जिस तरह से यूरोप के देश यूक्रेन को सैन्य मदद कर रहे हैं, उसी तरह सऊदी भारत के खिलाफ पाकिस्तान को सैन्य मदद दे सकता है। सऊदी अरब की सेना भले ही छोटी हो लेकिन उसके जखीरे में अमेरिका, चीन और रूस से खरीद किए हुए अत्याधुनिक हथियार हैं। अब पाकिस्तान ने सऊदी के साथ पैक्ट कर भारत-अमेरिका सहित मिडिल ईस्ट को बड़ा संकेत दे दिया है। निसंदेह समझौते के बाद पाकिस्तान की ताकत और अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में भारत को स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट को गंभीरता से लेना होगा और बदलती भू-सामरिक स्थिति को साधने के लिए भारत को अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी।



## केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सरकारी विभागों को दिए निर्देश

# दीपावली और दूसरे त्योहारों पर उपहार देना बंद करें

### आर्थिक सलाहकार डॉ. पाल की सलाह बनी चर्चा का विषय
### केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) के कर्मचारी हैरान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सुमंत्र पाल की सलाह कर्मचारियों के बीच चर्चा का केंद्र बनी है। इस सलाह पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) के कर्मचारी हैरान और परेशान हैं। आर्थिक सलाहकार की तरफ से 17 सितंबर को लोक उद्यम विभाग (डीपीई) को कहा गया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली और दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। गिफ्ट से सरकारी खर्च बढ़ता है। अर्थव्यवस्था में जनता के संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग हो, इसके लिए यह कदम उठाना जरूरी है।

जनता के संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग हो

लोक उद्यम विभाग (डीपीई) को कहा- प्रथा पर रोक लगाएं



### उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखा पत्र

आर्थिक सलाहकार ने लोक उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखे पत्र में कहा है, यह देखने में आया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दिवाली सहित दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रेक्टिस है। अर्थव्यवस्था में पब्लिक रिसोर्स का न्यायपूर्ण इस्तेमाल हो, इसके लिए ऐसी प्रेक्टिस पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसके चलते अब सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रेक्टिस को बंद कर दें। किसी भी त्योहार पर गिफ्ट का आदान प्रदान रोक दें। आर्थिक सलाहकार ने कहा है कि इन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### गिफ्ट मिले तो हर्ज नहीं होना चाहिएः डॉ. मंजीत

'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल का कहना है कि वित्त मंत्रालय का ये निर्देश ठीक नहीं है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में काम करने वाले कर्मचारियों को अगर दिवाली या दूसरे त्योहार पर गिफ्ट मिल जाता है तो इसमें क्या हर्ज है। यह एक बहुत छोटा सा टोकन होता है, लेकिन इसकी वैल्यू बड़ी होती है। कर्मचारी यह सोचता है कि उसके काम का सम्मान हो रहा है। उस छोटे से गिफ्ट से वह कर्मचारी दोगुने उत्साह से काम करता है।

### यही कर रहा प्रदर्शन का मूल्यांकन

डीपीई, वित्त मंत्रालय के अधीन एक नोडल विभाग है, जो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से संबंधित नीतियों और दिशानिर्देशों को तैयार करता है, उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। उनके कार्य-निष्पादन, स्वायत्तता व कार्मिक प्रबंधन पर नीतिगत दिशानिर्देश निर्धारित करता है। तीसरी लोकसभा की प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट में सार्वजनिक उद्यमों के प्रदर्शन का निरंतर मूल्यांकन करने के लिए एक केंद्रीकृत समन्वय इकाई की स्थापना की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया था। भारत सरकार ने 1965 में सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो (बीपीई) की स्थापना की और इसे वित्त मंत्रालय के अधीन कर दिया।

### 1990 में बनाया नीति निदेशक

सितंबर 1985 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों के पुनर्गठन के बाद, बीपीई उद्योग मंत्रालय का एक हिस्सा बन गया। मई 1990 में इसमें और सुधार हुए, जिससे बीपीई को एक पूर्ण विभाग का दर्जा मिला जिसे लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के नाम से जाना गया। डीपीई का मिशन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता और सामाजिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए नीतियां तैयार करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और जिम्मेदार शासन को बढ़ावा देना है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में उत्कृष्टता, स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देने में एक प्रेरक शक्ति बनना, जो राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## खबर संक्षेप

### कैदियों में खूनी झड़प उत्पात किया, फाड़ी वर्दी

**श्री मुक्तसर साहिब।** जिला जेल में कैदियों के दो गुटों में खूनी झड़प हो गई जो तीन दिनों से चल रही थी। बचाव करने आए सहायक अधीक्षक सुखमंदर सिंह और हवलदार मंगल सिंह को कैदियों ने लोहे की राड से पीटा जिससे मंगल सिंह की टांगें टूट गईं और सिर फट गया। इस झड़प में आठ कैदी भी घायल हो गए हैं।



### सीएम योगी को धमकी देने वाला धरा गया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की मथुरा पुलिस ने एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में उत्तर प्रदेश के मसीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। वीडियो में पिस्तौल लेकर मुख्यमंत्री को धमकी देते दिख रहा था।



### मुंबई में मोनोरेल सेवा अस्थायी रूप से बंद

**मुंबई।** यहां मोनोरेल सेवा को शनिवार से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने तकनीकी समस्याओं, यात्री सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट सिस्टम में सुधार की जरूरतों को देखते हुए यह निर्णय लिया है। इस फैसले से यात्रियों में भारी असंतोष देखा जा रहा है, क्योंकि इससेन परेशानी बढ़ी है।



### दो स्कार्पियों से हवाला के 6.60 करोड़ जब्त

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने रायपुर से महाराष्ट्र ले जाई जा रही हवाला की रकम 6 करोड़ 60 लाख रुपए को जब्त किया है। यह रकम स्कार्पियो वाहन से ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मामले को आईटी डिपार्टमेंट के हवाले किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी।



## लोकसभा में विपक्ष के नेता ने लगाए वोट चोरी के आरोप, भाजपा का प्रत्यारोप

# वोट चोरी के पक्के सबूतः राहुल
# चोरी कांग्रेस ने की थीः शहजाद

### हमारे पास ठोस जानकारी मौजूद, बिना सबूत मैं कुछ नहीं कह रहा

### वायनाड में बोले राहुल हम हाइड्रोजन बम ला रहे

एजेंसी ▶▶ वायनाड

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक 'हाइड्रोजन बम' सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि केंदर सरकार ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं। हमारे पास सौ फीसदी जानकारी है कि जो कुछ हुआ है, वह सामने आने वाला है। उन्होंने कहा कि हमने महादेवपुरा और आलंद में मतदाता की गलत तरीके से जोड़ी और हटाई गई जानकारी दिखाई है। इस पर भाजपा ने करारा पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने खुद वोट चोरी करके कई सरकारें बनाई। कर्नाटक विधायक का चुनाव रद्द होना पक्का सबूत है।



### ज्ञानेश के खिलाफ चल रही सीआईडी जांच

राहुल ने सीईसी ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों की रक्षा' करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र से 6,000 मतदाताओं के नाम हटाने की जांच चुनाव आयोग के प्रमुख के खिलाफ एक स्पष्ट आरोप है। कर्नाटक में सीआईडी जांच चल रही है। यह मेरा बयान नहीं, बल्कि तथ्य है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका 'हाइड्रोजन बम' प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा होगा, तो उन्होंने कहा कि मीडिया का काम अटकलें लगाना है। मैं काम करता हूं।

### सत्ता मिलने पर अहंकारी बन रहे नेता

राहुल ने न्नथारा ग्राम पंचायत में ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व केरल मुख्यमंत्री ओमन चांडी हमेशा विनम्र रहे जबकि कुछ राष्ट्रीय स्तर के नेता सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं। उन्होंने कहाकि आप देखेंगे कि कुछ नेता, जब उन्हें थोड़ी सत्ता मिलती है, तो वे अहंकारी हो जाते हैं। भारत में कई बड़े नेता हैं जिनमें विनम्रता नहीं है।

**वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की**

राहुल ने कह कि जब मुझ पर हमला हुआ, वह बहुत ही क्रूर हमला था, तब वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की। यही एक परिवार का सदस्य करता है। आपने मेरे साथ वैसा ही व्यवहार किया, जैसा मेरी बहन या मेरी मां करतीं। आपके व्यवहार ने मेरे साथ एक गहरा रिश्ता बना दिया। अब मेरे पास और कोई विकल्प नहीं बचा। मैं आपको परिवार का ही हिस्सा मानता हूं, क्योंकि आप यह भी कह सकते थे कि हम आदमी की रक्षा नहीं करेंगे, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया।

### भाजपा का पलटवार

### कर्नाटक में कांग्रेस विधायक का चुनाव रद्द

बेंगलुरु। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार करते हुए करारा जवाब दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी पावरप्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी की बात कर रहे हैं। जबकि वहां हाईकोर्ट ने खुद कांग्रेस विधायक नांजेगौड़ा का चुनाव रद्द किया था। असली वोट चोरी तो यही है। शनिवार को बेंगलुरु में भआजपा नेता पूनावाला ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी पावरपॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी की बात कर रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा का मामला उठाया, जबकि वहां हाईकोर्ट ने खुद कांग्रेस विधायक नांजेगौड़ा का चुनाव रद्द किया था। असली वोट चोरी तो यही है।



### महाचोरी में लिप्त लोग वोट चोरी का आरोप लगा रहे

पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा महाचोरी में लिप्त लोग खुद दूसरों पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं और वह भी बिना तथ्यों की जांच किए। राहुल के बयान पर तंज कसते हुए कहा, राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम धमाका कम और आत्मघाती विस्फोट ज्यादा साबित हुआ।

### मोदी के नारे लगवाना विदेश नीति नहीं



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'गले लगना और मोदी-मोदी के नारे लगवाना' विदेश नीति नहीं है। विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखना चाहिए तथा किसी से मित्रता को विवेक एवं संतुलन के साथ आगे बढ़ाना चाहिए।

### महायुति के 90% विधायक वोट चोरी से बने

**राउत का बड़ा दावा**



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने वोट चोरी के मुद्दे पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसे-ऐसे लोग चुनकर आए हैं जिनका कुछ अता-पता नहीं। राउत ने शनिवार को कहा कि ये लोग वोट चोरी से महाराष्ट्र में विधायक बन गए। एकनाथ शिंदे, अजित पवार या फिर भाजपा के 90 फीसदी विधायक तो वोट चोरी करके बने हुए हैं। वे घपला करके बने हैं।

### पीएम ने धोलेरा निवेश क्षेत्र का किया सर्वे

## राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति देखी



एजेंसी ▶▶ धोलेरा

पीएम मोदी ने ग्रीनफील्ड औद्योगिक केंद्र धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र का हवाई सर्वे किया। पीएम मोदी ने लोथल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी वीडियो में पीएम मोदी को एनएमएचसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिखाया गया। इसका विकास 4,500 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एनएमएचसी का विकास देश की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए किया जा रहा है।

### यह रैखिक क्षेत्र का अहम हिस्सा

पीएमओ ने मोदी के हवाई सर्वे का वीडियो फुटेज जारी किया। धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र अहमदाबाद से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में और राजधानी गांधीनगर से 134 किलोमीटर दूर है। डीएसआईआर राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम द्वारा पश्चिमी समर्पित मालवाहक गलियारे के प्रभाव क्षेत्र में औद्योगिक क्लस्टरों और नोड्स का एक रैखिक क्षेत्र बनाने के महत्वाकांक्षी कदम का हिस्सा है।

### महाराष्ट्र सीएम ने जताई पीढ़ा

## हिंदी फिल्मों ने मुंबई पुलिस के साथ 'न्याय' नहीं किया

**मुंबई।** इंडियन पुलिस फाउंडेशन के वार्षिक दिवस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आयोजकों को मुंबई को आयोजन स्थल के तौर पर चुनने के लिए बधाई दी। यह भी कहा हिंदी फिल्मों ने अक्सर मुंबई पुलिस को गलत तरीके से दिखाया है। उससे न्याय नहीं किया है।



**सिनेमा ने कभी भी सच्चाई को सही तौर पर नहीं दिखाया**

सीएम ने कहा कि कई वर्षों से फिल्मों ने मुंबई पुलिस के साथ अन्याय किया है। हमारी पुलिस हमेशा समय पर घटनास्थल पर पहुंचती है लेकिन हिंदी फिल्मों में पुलिस को हमेशा घटना के घंटों बाद पहुंचते दिखाया जाता है। मेरा मानना है कि सिनेमा ने कभी भी सच्चाई को सही ढंग से नहीं दिखाया है। मुझे गर्व है कि हमारी पुलिस ने हमेशा अपने स्टैंटर्ड को बनाए रखा है। सबसे भरोसेमंद पुलिस बल के तौर पर हमारी पुलिस जानी जाती है।

### जुबीन की सिंगापुर में मौत

## सीएम सरमा ने दिए जांच के आदेश, राजकीय शोक घोषित

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग की सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपनी पत्नी के साथ जुबीन के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात की। सरमा ने बताया कि वह सिंगापुर से लगातार संपर्क में हैं। जुबीन गर्ग का पोस्टमॉर्टम सिंगापुर में पूरा हो गया है। उनके पार्थिव शरीर को अब भारतीय दूतावास के अधिकारियों को दे दिया गया है।



### शव को भारत लाया जा रहा


असम में दो लोगों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। सीएम ने बताया कि शेखर जोथी गोस्वामी, संदीपन गर्ग और सिद्धार्थ शर्मा (प्रबंधक) जुबीन गर्ग के शव को भारत ला रहे हैं। सीएम ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रिनिकी भुयान सरमा के साथ शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की।

### कर्नाटक के किसानों के लिए खुशखबर

## मूंग, काला मूंग समेत 5 प्रमुख फसलों को खरीदेगी केंद्र सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार कर्नाटक से मूंग, काला मूंग, सूरजमुखी, मूंगफली और सोयाबीन की खरीद करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इससे राज्य के किसानों को काफी लाभ होगा। जोशी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध किया है कि वे राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना के तहत 2025-26 खरीफ सीजन के दौरान कर्नाटक में उगाई गई इन फसलों की खरीद को मंजूरी दें।



### कृषि मंत्री चौहान ने दी मंजूरी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जोशी को पत्र लिखकर जानकारी दी। कर्नाटक सरकार ने खरीफ 2025-26 सीजन में इन फसलों की खरीद के लिए प्रस्ताव भेजा था। 38,000 मीट्रिक टन हरे चना, 60,180 मीट्रिक टन उड़द, 15,650 मीट्रिक टन सूरजमुखी, 61,148 मीट्रिक टन मूंगफली और 1,15,000 मीट्रिक टन सोयाबीन की खरीद को स्वीकृति दी है।

## राष्ट्रपति पहुंचीं गयाजी



### पुरखों की आत्मशांति के लिए किया पिंडदान

गयाजी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को देश और दुनिया में मोक्ष स्थली के रूप में चर्चित बिहार के गयाजी पहुंचीं। उन्होंने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ति की कामना के साथ पिंडदान किया। सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर पहुंचीं। गयापाल पुरोहित राजेश लाल कटरियाल ने वैदिक क्रियाओं के साथ कर्मकांड कराया। उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ पिंडदान किया।

### गैस पाइपलाइन, सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन के लिए सड़कों को बार-बार तोड़ने से जनता परेशान

## सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र, हरियाणा में ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी को किया जाए अनिवार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा शहर की सड़कों को बार-बार तोड़े जाने से नागरिकों को हो रही भारी असुविधा और शहर की सुंदरता पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव का मुद्दा उठाया है।

सांसद ने इस संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर मांग की है कि सिरसा सहित पूरे हरियाणा में पाइपलाइन से जुड़े सभी कार्यों में आधुनिक ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सीएम को लिखे पत्र में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि गैस पाइपलाइन, सीवर लाइन, पेयजल पाइपलाइन और स्टॉर्म वाटर ड्रेन डालने के कारण सड़कों को बार-बार तोड़ा जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके चलते यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है और शहर की सुंदरता पर भी बुरा असर पड़ रहा है। सांसद ने कहा है कि देश-दुनिया के प्रमुख शहरों तथा दिल्ली मेट्रो जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी का सफल उपयोग किया गया है।

### पैक्स के माध्यम से ही हो खाद का वितरण

सैलजा ने कहा कि इस समय प्रदेश का किसान डीएपी खाद के लिए परेशान है, सुबह से लेकर शाम तक लाइन में लगा रहता है बाद में पता चला कि स्टॉक खत्म हो गया। कई जिलों में तो किसान रात को ही लाइन में लग जाता है। दूसरी ओर बाजार में ब्लैक में डीएपी खाद बेची जा रही है जिस पर अंकुश लगना चाहिए, जिसे देखो वहीं किसान को लूटने में लगा हुआ है। सरकार गांवों में ही पैक्स के माध्यम से डीएपी खाद पहल के आधार पर उपलब्ध करवाए।

### एयरबस भारत के इनोवेशन सिस्टम को बनाएगी मजबूत

## गति शक्ति विवि में आरएंडडी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा स्थापित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरोस्पेस कंपनी एयरबस ने घोषणा की है कंपनी भारत के इनोवेशन सिस्टम को मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत गुजरात में गति शक्ति विश्वविद्यालय में एक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेट अप करेगी। एयरबस के प्रबंध निदेशक जुर्गन वेस्टरमेयर ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद इस योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी हर साल 100 से अधिक भारतीय सप्लायर से 1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के कंपोनेंट खरीदती है।

### एयरबस के प्रबंध निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव से मिले

**गुजरात में विकास की प्रतिबद्धता दोहराई**



**वैष्णव ने जताई खुशी-** भारतीय सप्लायर होंगे मालामाल

वैष्णव ने कहा कि एयरबस इंडिया के एमडी जुर्गन वेस्टरमेयर से यह जानकर खुशी हुई कि एयरबस 1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के कंपोनेंट खरीदती है और इसके 100 से अधिक भारतीय सप्लायर हैं। मजबूत डिजाइन क्षमता के साथ, यह जल्द ही गति शक्ति विश्वविद्यालय में एक आरएंडडी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगी।

### बेंगलुरु में एक डिजिटल सेंटर बनाया

कंपनी ने बेंगलुरु में एक डिजिटल सेंटर स्थापित किया है, जिसे वह डिजिटल परिवर्तन की रीढ़ की हड्डी कहती है। फ्रांस के टूलूज में मुख्यालय के बाद एयरबस का बेंगलुरु हब उसकी दूसरी सबसे बड़ी डिजिटल सुविधा है। कंपनी ने 2018 में दुनिया भर के सभी डिवीजनों को सपोर्ट करने के लिए एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जीसीसी स्थापित कर भारत में अपनी डिजिटल क्षमताओं का विस्तार किया।

### कंपनी ने 3,600 से अधिक कर्मचारियों को किया नियुक्त

एयरक्राफ्ट मेकर कंपनी ने अपने विभिन्न साइटों पर 3600 से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया है, जिसमें व्यवसाय को आईटी समाधान प्रदान करने के लिए 1500 से अधिक कुशल आईटी पेशेवर शामिल हैं। एयरबस सस्टेनेबिलिटी, इंजीनियरिंग, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा पर केंद्रित संयुक्त आरएंडडी प्रोजेक्ट्स पर प्रमुख भारतीय संस्थानों के साथ सहयोग करती है। एयरबस हेलीकॉप्टर्स ने अगस्त में अपने एच125 हेलीकॉप्टर के फ्यूजलेज के निर्माण के लिए महिंद्रा एरोस्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को एक कॉन्ट्रैक्ट दिया था, जो दोनों कंपनियों के बीच सहयोग और सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूत करता है।



## 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

सुझाव | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

### यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




### म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

### 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

### टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

## अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या है और इनके फायदे-नुकसान क्या है। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

### प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते**

**रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

# सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंक: 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंक: 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदा: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



## हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू, निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

# दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

सुझाव | बिजनेस डेस्क

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

## 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।



# पहले राउंड के बाद शीर्ष 20 में अदिति

**रोजर्स।** भारत की अदिति अशोक ने वॉलमार्ट एनडब्ल्यू अर्कांसस चैंपियनशिप में पहले दौर में बोगी रहित पांच अंडर 66 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। सारा श्मेलजेल और मिनामी कात्सु ने पिनेकल कंट्री क्लब में आठ अंडर 63 का स्कोर बनाकर पहले राउंड के अंत में संयुक्त बढ़त बना ली। अदिति ने पहले नौ होल पर दो बर्डी के साथ शुरुआत की और 13वें, 15वें और 18वें होल पर भी बर्डी बनाकर दिन में अपनी बर्डी की संख्या पांच तक पहुंचाई। कनाडा की भारतीय मूल की खिलाड़ियों में सवाना ग्रेवाल ने अपने पहले राउंड में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया और संयुक्त 45वें स्थान पर रहीं, जबकि गुरलीन कौर ने एक अंडर 70 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 86वें स्थान पर है।

# ला सेला ओपन : हिताशी और प्रणवी ने कट में बनाई जगह

**एलिकांटे (स्पेन)।** भारतीय खिलाड़ियों में केवल प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी ही स्पेन में ला सेला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बना सकी, जबकि कनाडाई किशोरी अन्ना हुआंग ने बोगी-मुक्त छह-अंडर 66 के साथ शीर्ष पर तीन शॉट की बढ़त बना ली।



हिताशी ने पहले राउंड में 72 के बाद दूसरे राउंड में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया और अब वह 36 होल तक एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जबकि प्रणवी (73-73) संयुक्त 47वें स्थान पर हैं। रिधिमा दिलावरी (75-72) एक शॉट से कट से चूक गईं। उनके अलावा अवनि प्रशांत (78-70), दीक्षा डागर (73-75), वाणी कपूर (78-71) और त्वेसा मलिक (71-78) भी कट से चूक गईं, जो दो ओवर पर गया।



## फेडेक्स ओपन

# गोल्फर अहलावत और शुभंकर कट से चूके

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत और शुभंकर शर्मा गोल्फ डे सेंट-नोम-ला-ब्रेटेचे में आयोजित किए जा रहे फेडेक्स ओपन डी फ्रांस में कट से चूक गए। अहलावत ने दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया, जिससे वह कट हासिल करने में नाकाम रहे। शर्मा (74-71) भी कट से चूक गए। लगातार चार प्रतियोगिताओं में कट में जगह बनाने के बाद अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर में कट से चूक गए। कट इवन पार पर निर्धारित किया गया था जबकि अहलावत (71-73) दूसरे राउंड के बाद दो ओवर पार पर थे। अहलावत ने अपने दूसरे राउंड में तीन बोगी, चार बर्डी और एक ट्रिपल बोगी लगाई। इस बीच मार्कस आर्मिटेज ने दूसरे राउंड में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाकर दो स्ट्रोक की बढ़त बरकरार रखी है।

## खबर संक्षेप



### सुपर चार में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे वेल्लालगे

**दुबई।** अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौटने वाले श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी दुनिथ वेल्लालगे वापस टीम से जुड़ गए हैं और शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वेल्लालगे के पिता सुरंगा का गुरुवार रात को 54 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उसी दिन इस 22 वर्षीय स्पिनर ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के ग्रुप बी लीग मैच में हिस्सा लिया था। इस युवा खिलाड़ी को मैच के बाद ही अपने पिता के निधन की खबर पता चली और वह जल्द से जल्द उपलब्ध उड़ान से कोलंबो वापस आ गया। वह शुक्रवार रात टीम मैनेजर महिंदा हालंगोडे के साथ यूएई लौट आया।

### सुपर 4 मैच में पाइक्रॉफ्ट ही होंगे मैच रैफरी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच की जिम्मेदारी फिर अपने एलीट पैनल के मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को सौंपी है जबकि पीसीबी ने बार बार उन्हें हटाने का अनुरोध किया था। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने बताया, 'एंडी पाइक्रॉफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं।' इसके बाद पाकिस्तान टीम प्रबंधन ने सुपर 4 मुकाबले से पहले मीडिया से बातचीत नहीं करने का फैसला किया। रविवार के मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। भारतीय टीम ने पिछले रविवार को नीतिगत फैसले के अंतर्गत पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया था और इस मुकाबले में पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी थे।

### विश्व कप में स्वछंदता से खेलना अहम : सना

**दुबई।** पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तान फातिमा सना ने कहा कि उनकी टीम आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें साझेदारियां बनाने के साथ स्वछंदता से खेलना महत्वपूर्ण होगा। आठ टीम वाला यह विश्व कप 30 सितंबर से 2 नवंबर तक श्रीलंका और भारत में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी और अपने अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी।

## एशिया कप : मैच आज रात 8 बजे से

# महामुकाबला आज : सुपर 4 में पाकिस्तान पर दबदबा कायम रखने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶ दुबई

दोनों टीमों में बढ़ते तनाव के बीच भारत जब रविवार को एशिया कप सुपर 4 के मैच में पाकिस्तान का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपनी स्पिन तिकड़ी के दम पर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक और प्रभावशाली जीत दर्ज करना होगा। भारत और पाकिस्तान की टीम जब आमने-सामने होती हैं तो उनके खिलाड़ियों के बीच तनाव बना रहता है लेकिन इस बार यह नए स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके साथियों ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिससे नया बवाल पैदा हो गया। ऐसा समझा जाता है कि भारतीय टीम इस रविवार को भी पड़ोसी देश के खिलाफ इसी नीति को जारी रखेगी तथा हाथ मिलाना भी संभवतः आम बात नहीं होगी, क्योंकि पाकिस्तानी खिलाड़ी और उनके समर्थक इस मैच को ''द्वेषपूर्ण मैच'' के रूप में देख रहे हैं।



### बुमराह और चक्रवर्ती की मैच में वापसी

पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले सूर्यकुमार को टीम के सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को परखने की जरूरत थी। पूरी संभावना है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह अंतिम एकादश में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि ओमान के 43 वर्षीय बल्लेबाज आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा जैसे कम चर्चित खिलाड़ियों ने इस जोड़ी की जमकर धुनाई की। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की पाकिस्तान के खिलाफ मैच में वापसी होगी। इन दोनों को ओमान के खिलाफ मैच में विश्राम दिया गया था। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिचें धीमी गेंदबाजों के लिए मददगार हैं और एक बार फिर से कुलदीप यादव (टूर्नामेंट में अब तक आठ विकेट), अक्षर और वरुण पर जिम्मेदारी होगी कि वे निर्णायक रूप से भारत के पक्ष में पलड़ा झुकाएं। अगर अक्षर फिट नहीं हो पाते हैं तो उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग को मिल सकती है।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तकनीक खराब

पाकिस्तान की टीम अप्रत्याशित प्रदर्शन करने के लिए मशहूर रही है लेकिन वर्तमान टीम कमजोर नजर आ रही है विशेष कर बल्लेबाजी विभाग में। उसके बल्लेबाज अभी तक स्पिन गेंदबाजों को समझने में नाकाम रहे हैं। पाकिस्तान के लिए यह शर्मनाक बात है कि उसके वर्तमान खिलाड़ियों की तकनीक काफी खराब है।
सलामी बल्लेबाज सैम अयूब, जो लगातार दो बार शून्य पर आउट हुए, गेंद से अधिक प्रभाव डालने के कारण उपहास का विषय बन गए हैं क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में रन बनाने की तुलना में अधिक विकेट लिए हैं।
साहिबजादा फरहान, हसन नवाज और शाहीन शाह अफरीदी ही टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नजर आ रहे हैं।

### सूर्यकुमार लौटेंगे अपने चिरपरिचित स्थान पर

संजू सैमसन ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक बनाया था, लेकिन अगर दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल जल्दी आउट हो जाते हैं तो पाकिस्तान के खिलाफ उनके तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना कम है। कप्तान सूर्यकुमार फिर से अपने चिरपरिचित स्थान पर लौटेंगे, जिसने उन्हें विश्व का नंबर एक बल्लेबाज बना दिया है।

## मुस्तफिजुर को तीन विकेट

# हसन और तौहीद ने दिलाई बांग्लादेश को श्रीलंका पर जीत



- बांग्लादेश ने एशिया कप 2025 का पहला सुपर-4 मैच जीता
- श्रीलंका को चार विकेट से हराया

भाषा ▶▶ दुबई

अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज सैफ हसन और तौहीद हृदय के अर्धशतकों की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के बेहद रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को एक गेंद बाकी रहते चार विकेट से हराया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर दासुन शनाका के 37 गेंद में नाबाद 64 रन की मदद से सात विकेट पर 168 रन बनाये। जवाब में बांग्लादेश ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 169 रन बनाये जिसमें सैफ ने 45 गेंद में 61 और तौहीद ने 37 गेंद में 58 रन का योगदान दिया। पहले ओवर में नुवान तुषारा ने तंजीद हसन को पवेलियन भेज दिया लेकिन इसके बावजूद बांग्लादेश टीम दबाव में नहीं दिखी। कप्तान लिटन दास (23) ने सैफ के साथ दूसरे विकेट के लिये 5.2 ओवर में 59 रन जोड़े। सैफ ने बायें हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालागे को दो और तुषारा को एक छक्का लगाया। वेलालागे अपने पिता के अंतिम संस्कार में भाग लेने के बाद यहां लौटे हैं। सैफ ने 35 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और वानिंदु हसरंगा की गेंद पर वेलालागे को कैच देकर लौटे। इससे पहले हसरंगा ने दास को पाथुम निसांका के हाथों लपकवाया। सैफ और तौहीद ने तीसरे विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की। तौहीद ने 15वें ओवर में स्पिनर कामिंद मेंडिस की धुनाई करते हुए 16 रन निकाले। हसरंगा को दुष्मंता चामीरा ने आउट किया। बांग्लादेश ने आखिरी ओवर में दो विकेट गंवा दिये लेकिन एक गेंद बाकी रहते लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब रही। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर श्रीलंका की शुरूआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (15 गेंद में 22 रन) और कुसल मेंडिस (25 गेंद में 34 रन) ने पांच ओवर में 44 रन जोड़े। निसांका ने तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम को लगातार तीन चौके लगाये जबकि मेंडिस ने बायें हाथ के स्पिनर नासुम अहमद को छक्का जड़ा।

## फैसला

# मिलान-कॉर्टिना खेलों में अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे रूसी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मिलान

रूस के खिलाड़ियों को अगले वर्ष होने वाले मिलान-कॉर्टिना शीतकालीन खेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने कहा कि उसने कभी भी इजरायल पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा नहीं की। आईओसी ने मिलान में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद पुष्टि की कि वह पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाई गई प्रणाली का पालन करेगा, जिसके तहत रूस के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी।

### आईओसी ने 2023 में रूस कर दिया था निलंबित

आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा, 'हमने मिलान-कॉर्टिना खेलों में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों को लेकर बात की। कार्यकारी बोर्ड बिल्कुल वही दृष्टिकोण अपनाएगा, जो पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाया गया था। इसमें कुछ भी बदलाव नहीं हुआ है।' रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद आईओसी ने 2023 में रूसी ओलंपिक समिति को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से ही रूस के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग ले रहे हैं। इजरायल के गाजा में हमले के बाद उस पर भी इस तरह का प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी जूनियर महिला हॉकी टीम, ज्योति को कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिफेंडर ज्योति सिंह 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी, जो 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में होने वाले पांच मैचों में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की जूनियर महिला टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। इसके बाद वह आस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग में भाग लेने वाले क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगी। यह दौरा एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगा, जो दिसंबर में चिली के सैंटियागो में आयोजित किया जाएगा।



### निधि और हर्षा रानी को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी

भारतीय टीम में निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगी, जबकि डिफेंस में मनीषा, ज्योति, लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, इशिका, सुनेलिता टोप्पो और अनिशा साहू जबकि फॉरवर्ड पंक्ति में लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, सोनम, कनिका सिवाच और सुखवीर कौर शामिल हैं।

# मंधाना की शानदार पारी के बावजूद भारत ने ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला गंवाई

- तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 43 रन से हराया
- ऑस्ट्रेलिया ने द्विपक्षीय श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की




भाषा ▶▶ नई दिल्ली

स्मृति मंधाना (125 रन) की शानदार पारी बेथ मूनी (138 रन) के शतकीय पारी को नहीं पछाड़ सकी जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 43 रन से हराकर मेजबान टीम के खिलाफ अपनी 11वीं द्विपक्षीय श्रृंखला 2-1 से जीत ली। मूनी की 79 गेंद की तूफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 412 रन पर ऑलआउट होकर अपने रिकॉर्ड वनडे स्कोर की बराबरी की। यह भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा स्कोर भी था। इससे उसने पिछले साल ब्रिस्बेन में बनाए गए आठ विकेट पर 371 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद भारत की शानदार बल्लेबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने संयम बनाए रखा। मंधाना (63 गेंद में 125 रन) और कप्तान हरमनप्रीत (35 गेंद में 52 रन) के बीच 121 रन की साझेदारी के अलावा दीप्ति (58 गेंद में 72 रन) की अंत में खेली गई आक्रामक पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज भारत को 369 रन पर ऑल आउट करके श्रृंखला जीतने में सफल रहे।

## सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चिया और यिक को दी मात

# सात्विक-चिराग फाइनल में, चिर-प्रतिद्वंद्वी को हराया

एजेंसी ▶▶ शेनझेन

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शनिवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। पिछले हफ्ते विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी आरोन और सोह को 21-17, 21-14 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच से पहले सात्विक और चिराग का दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 4-11 था। भारतीय जोड़ी ने हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में आरोन और सोह को हराकर कांस्य पदक जीता था।



### दूसरे गेम में सात्विक और चिराग की बढ़त

दूसरे गेम में सात्विक और चिराग ने 5-2 की बढ़त को 8-2 तक पहुंचाया। हालांकि मलेशियाई खिलाड़ियों ने अंतर 6-8 तक कम कर दिया। पर ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी 11-6 की बढ़त बनाए थे। भारतीय जोड़ी ने फिर 15-9 की बढ़त में इजाफा करते हुए इसे 16-12 कर दिया। अंत में मलेशियाई खिलाड़ियों की गलतियों का फायदा उठाते हुए भारतीय जोड़ी मुकाबला जीत गई।

### भारतीय जोड़ी का आक्रामक रुख

*भारतीय जोड़ी ने आक्रामक रुख अपनाया और फ्रंट कोर्ट पर भी दबदबा बनाए रखा जबकि मलेशियाई खिलाड़ी विशेषकर आरोन 41 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान लय में नहीं दिखे। शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियों कड़ी टक्कर देखने को मिली। आरोन और सोह ने लगातार चार अंक लेकर 10-7 की बढ़त बना ली। लेकिन आरोन की तीन गलतियों से सात्विक और चिराग ने वापसी की। ब्रेक तक मलेशियाई खिलाड़ियों ने एक अंक की बढ़त बनाई हुई थी। आरोन नेट पर फिर लड़खड़ा गए जिससे भारतीयों को फिर से बढ़त मिल गई। सात्विक के लगातार स्मैश लगाए और प्रतिद्वंद्वियों की गलतियों ने भारतीय जोड़ी को 18-14 से आगे कर दिया। सात्विक के शानदार रिटर्न ने उन्हें चार गेम प्वाइंट दिलाए, जिससे उन्होंने पहला गेम अपने नाम कर लिया।*

# हुबैदा और एले की जोड़ी ने जीता कांस्य



**बीजिंग।** भारत के अबु हुबैदा और प्रेम कुमार एले की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष पैरा बैडमिंटन जोड़ी ने सेमीफाइनल में चीन के माई जियानपेंग और क्यू जिमो से 4-21, 10-21 से हारने के बाद यहां चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय में डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी दो जीत और एक हार के साथ ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नांग न्गुयेन और चीनी ताइपे के यू यू ओंग की जोड़ी को 21-6, 21-10 से तथा भारत के हारिस मैथिली श्रीकुमार और चेक गणराज्य के जिबनेक सिकोरा की जोड़ी को 21-10, 21-12 से हराया। ग्रुप चरण में उन्हें एकमात्र हार (12-21, 9-21) जापान के डाइकी काजीवारा और कीता निशिमुरा के खिलाफ मिली। डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 व्हीलचेयर पर निर्भर खिलाड़ियों के लिए है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

चिकित्सा

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

PUBLIC NOTICE

NISSAN MOTOR INDIA PVT. LTD.

The present publication is being issued on behalf of M/s Nissan Motor India Private Limited **("NMIPL")** to state that **Jubilant Motorworks Private Limited (Jubilant Nissan)** has ceased to be an Authorised Display Center of NMIPL on 30th April 2025 at the following location -

- E-5, Prashant Vihar, Sector 14, Rohini, New Delhi – 110085

and has no right to accept any fresh bookings henceforth including the vehicles already available in the dealership stock.

It is further informed that NMIPL has no connection whatsoever with any fresh bookings offered at the aforementioned location by Jubilant Nissan. Any person or entity making any fresh bookings for selling Nissan vehicles or servicing the same with Jubilant Nissan at the above mentioned location will be doing so at their own risk with no claims against NMIPL.

This information is issued in the interest of General Public.

भारत-कनाडा ने माना कि राजनीतिक नेतृत्व के बीच उच्चतम स्तर पर फिर से भरोसे को बनाने और सहयोग को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आतंकवाद विरोधी गतिविधियों, अंतराष्ट्रीय संगठित अपराधों से लड़ने और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की

## कनाडा की एनएसए के साथ अजित डोभाल की मुलाकात

# भारत-कनाडा साझा हितों के आधार पर मिलकर करेंगे काम, आतंकवाद समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में गुरुवार को को अपनी कनाडाई समकक्ष नतालि जी. ड्रूइन से मुलाकात की। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद का हिस्सा थी।

यह पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कनाडा के समकक्ष मार्क कार्नी के बीच कनाडा के अल्बर्टा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा को आगे बढ़ाने का भी अवसर था। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

» पीएम मोदी और कनाडा पीएम मार्क कार्नी ने चर्चा को बढ़ाने की पैरवी की थी

» व्यापार, ऊर्जा, नागरिक परमाणु, अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग



### जून 2025 के बाद हुई संबंधों में प्रगति

*उन्होंने जून 2025 के बाद हुई प्रगति का स्वागत किया, जिसमें उच्चायुक्तों की वापसी भी शामिल है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संबंधों में स्थिरता बहाल करने और एक रचनात्मक एवं संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, नागरिक परमाणु, सुरक्षा व कानून प्रवर्तन, दुर्लभ खनिज, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संवाद तंत्र को फिर से सक्रिय करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई थी।*

### खुफिया जानकारी साझा करेंगे

दोनों पक्षों ने माना कि राजनीतिक नेतृत्व के बीच उच्चतम स्तर पर फिर से भरोसे को बनाने और सहयोग को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आतंकवाद विरोधी गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों से लड़ने और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों ने सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और मौजूदा संपर्क तंत्रों को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

### क्षेत्रीय व वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार विमर्श किया

*दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भविष्य के सहयोग के क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया और क्षेत्रीय व वैश्विक घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के नए अध्याय के लिए करीबी सहयोग करने और सहयोग का दृष्टिकोण अपनाने पर सहमति जताई।*

### विदेश कार्यालय परामर्श आयोजित


*इन चर्चाओं के आधार पर भारत और कनाडा ने 19 सितंबर को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय परामर्श (एओसी) आयोजित किया, जिसकी अगुवाई सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने की, जबकि कनाडाई पक्ष का नेतृत्व उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ये परामर्श पीएम मोदी और कनाडा के पीएम कार्नी के 17 जून 2025 को कनाडा के कनेनास्किस में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद हुए।*

## दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी और अधिक मजबूती

# अगले सप्ताह 22 से 23 सितंबर तक मोरक्को का दौरा करेंगे रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 22 से 23 सितंबर तक मोरक्को का दौरा करेंगे। ये उत्तरी अफ्रीकी देश की भारत के रक्षा मंत्री की पहली यात्रा होगी। जिसके लिए उन्हें मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदियी ने आमंत्रित किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राजनाथ सिंह की यह दो दिवसीय मोरक्को यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग को रेखांकित करती है। जिसका प्रमुख आकर्षण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को के बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8 गुना 8 के नए विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन से जुड़ा हुआ है। यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। जो कि देश की एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही ये आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति का परिचायक भी है।



### दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच होगी बैठक

मंत्रालय ने कहा कि राजनाथ सिंह की यात्रा के दौरान भारत और मोरक्को के रक्षा मंत्रियों के बीच एक अहम द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें रणनीतिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत बनाने, संबंधित अवसरों की तलाश करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भारत के रक्षा मंत्री मोरक्को के उद्योग एवं व्यापार मंत्री रियाद मेजूर से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही रबात में भारतीय समुदाय से भी उनकी मुलाकात होगी। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की भी संभावना है। जो आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और औद्योगिक संबंधों के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को विस्तारित और गहन करने के लिए एक संस्थागत ढांचा प्रदान करेगा। बीते वर्षों में नौसेना के जहाज मोरक्को के कैसाब्लांका बंदरगाह में रुकते हैं। ये समझौता इस मामले में भी सहयोग को मजबूती प्रदान करेगा।

### भविष्य में मजबूत होंगे संबंध

वर्ष 2015 में मोरक्को के राजा मोहम्मद-6 की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई थी। जिसके बाद दोनों देशों के संबंधों में तेजी आई है। रक्षा मंत्री की भावी यात्रा से इस साझेदारी को विशेष रूप से रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में नई ऊर्जा मिलेगी।

### सेना आतंकियों के खिलाफ इस्तेमाल कर रही

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय सेना इन व्हैप वाहनों को पहले से ही चीन सीमा से सटे पूर्वी लद्दाख में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर सैनिकों के मूवमेंट के लिए इस्तेमाल करती है। इसके अलावा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) भी जम्मू कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ इन विशेष वाहनों का इस्तेमाल कर रही है। खास बात ये है कि व्हैप एक एम्फीबियस व्हीकल है, जो नदी-नालों को भी आसानी से पार कर सकती है।

### दूसरे देशों को करेंगे निर्यात

इन बख्तरबंद वाहनों पर गोली या फिर गोला बारूद का असर नहीं होता है। व्हैप में 30-40 एमएम की गन लगी हैं और ट्रूप कमांडर खास टरेट के जरिए दुश्मन पर ऊपर से फायरिंग कर सकता है। करार के मुताबिक, 18 महीने के भीतर टीएएसएल प्लांट से वाहनों का निर्माण शुरू हो जाएगा। करीब पांच एकड़ में फैले इस प्लांट से हर साल 100 व्हैप वाहनों का निर्माण हो सकता है।

### सितंबर 2024 में हुआ था करार




सितंबर 2024 में मोरक्को के रक्षा मंत्रालय ने टीएएसएल से व्हैप बख्तरबंद वाहनों को बनाने का करार किया था। इस व्हैप व्हीकल को टाटा ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलेपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर तैयार किया है। करीब 26 टन की इन मिलिट्री व्हीकल में ड्राइवर और कमांडर सहित कुल 12 सैनिक बैठ सकते हैं। सीमावर्ती और दूरदराज के उबड़-खाबड़ इलाकों में सैनिक इन वाहनों में बेहद तेजी से मूवमेंट कर सकते हैं।

## यूरोप में बड़ा साइबर हमला

# कई हवाई अड्डों पर चेक-इन सिस्टम ठप, उड़ानों में 'देरी'

एजेंसी ⏭ लंदन

यूरोप के कई बड़े हवाई अड्डों पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम को निशाना बनाते हुए साइबर हमले किए गए। इन हमलों के कारण शनिवार को सैकड़ों उड़ानों में देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस तकनीकी समस्या के चलते यूरोप के प्रमुख हवाई अड्डों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। कई हवाई अड्डों पर मैनुअल प्रक्रिया अपनाकर ही उड़ानों का संचालन जारी रखा गया। ब्रुसेल्स एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार रात को उनके चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम के सेवा प्रदाता पर साइबर हमला हुआ। एयरपोर्ट पर मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया कराई गई। इसके चलते उड़ानों के समय में गड़बड़ी और देरी हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से धैर्य रखने और उड़ानों की स्थिति की निरंतर जांच करने की अपील की है।



### बर्लिन और हीथ्रो एयरपोर्ट भी प्रभावित

जर्मनी के ब्रांडेनबर्ग एयरपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि उनके सेवा प्रदाता के सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर हवाई अड्डा प्रशासन ने अपने नेटवर्क कनेक्शन को अस्थायी रूप से काट दिया। वहीं लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे ने भी तकनीकी समस्या की बात कही है। हीथ्रो एयरपोर्ट के अनुसार, कॉलीन्स एयरोस्पेस कंपनी जो कई एयरलाइनों को चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम मुहैया कराती है।

## समुद्री निगरानी और तटीय सुरक्षा करेगा 'अदम्य'




*पारादीप। ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर एफपीवी की श्रृंखला में पहला जहाज, अदम्य का जलावतरण किया गया। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित, 60% स्थानीय सामग्री के साथ, 51 मीटर लंबा यह जहाज आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। 3000 किलोवाट के दो इंजनों द्वारा संचालित, अदम्य 28 समुद्री मील की गति प्राप्त करता है। उन्नत हथियारों, स्वचालन और अत्याधुनिक प्रणालियों से लैस, अदम्य पारादीप, ओडिशा में तैनात होगा, जिससे समुद्री निगरानी, तटीय सुरक्षा और भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय तट रक्षक बल की क्षमता में वृद्धि होगी।*


### रूस ने यूक्रेन के 9 शहरों पर किया हमला

**कीव।** शनिवार तड़के रूस ने यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों पर एक बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी के अनुसार, इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि हमला यूक्रेन के नौ अलग-अलग स्थानों पर हुआ है, ड्निप्रोपेट्रोव्स्क, मायकोलाइव, जापोरिज्जिया, पोल्टावा, कीव, ओडेसा, सुमी और खारकीव शामिल है। ये हमला नागरिक इलाके को बनाया गया है। हमले के पीछे रूस का मकसद केवल सैन्य ठिकाने नहीं, बल्कि नागरिक क्षेत्रों, रिहायशी इलाकों और इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाना था।

## उल्कापिंड या चाइनीज रॉकेट? | दिल्ली-एनसीआर के आसमान में देर रात दिखी 'आग' पर तेज हुई बहस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के ऊपर आसमान में शुक्रवार रात 1:20 बजे दिखी आग जैसी चीज आखिर क्या थी? धधकते हुए तेजी एक सीध में बढ़ती इस रेखा को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अलीगढ़ और जयपुर तक से लोगों ने देखा। बहुतों ने इसे कैमरों में कैद भी किया। अब सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर बहस तेज है कि यह कोई उल्कापिंड था फिर चाइनीज रॉकेट का मलबा। दोनों ही संभावनाओं पर अभी किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



### अमेरिकन मेटोर सोसाइटी ने पर्सिड उल्का पिंड बताया

लोगों की अटकलों के बीच एक्स पर 'ग्रोक' ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में दिखी चमकती रेखा संभवतः चाइनीज रॉकेट सीजे-3बी का मलबा था जो वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कर रहा था। ग्रोक ने यह आकलन भविष्यवाणियों और वीडियो की विशेषताओं जैसे अपेक्षाकृत धीमी गति और टुकड़ों में बिखरना आदि के आधार पर किया। अमेरिकन मेटोर सोसाइटी के मुताबिक चमकता हुआ बोलाइड टूटा।

## चमोली में बादल फटने के बाद दिखा दिल दहलाने वाला मंजर

# मां की छाती से लिपटे थे जुड़वा बच्चे, मलबे से निकाले तीनों शव

एजेंसी ⏭ चमोली

चमोली नंदानगर की आपदा ने कई घर उजाड़ दिए, लेकिन सबसे दर्दनाक तस्वीर जो सामने आई उसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। एक मां और दो जुड़वा बच्चों के शव। मलबे में लापता लोगों की तलाश की जा रही थी। तभी तीन शव मिले। दोनों जुड़वा बच्चे अपनी मां की छाती से चिपके थे। ये कुंवर सिंह का परिवार था।

16 घंटे तक मलबे में दबे रहने के बाद उन्हें जिंदा निकाला गया, लेकिन सब कुछ खोकर कुंवर सिंह टूट गए। बता दें, उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर के कुंतरी लगा फाली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मचाई। लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी है।






### रोशनदान से ले रहे थे सांस

गुरुवार को आई आपदा में पूरा घर मलबे में दब गया। सुबह जब राहत और बचाव कार्य शुरू शुरू हुआ तो मकानों से मलबा हटाने पर बचावकर्मियों को एक घर से किसी की आवाज सुनाई दी। रोशनदान से कमरे में देखा तो कुंवर सिंह के अंदर होने का पता चला। रेस्क्यू टीम ने तेजी से उन्हें बाहर निकालने का काम शुरू किया।

### पिता को 16 घंटे बाद सुरक्षित निकाला

नंदानगर की आपदा में मलबे में दबे कुंवर सिंह 16 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। लेकिन उनके परिवार को बचाया नहीं जा सका। पत्नी और दो जुड़वा बच्चे आपदा में मारे गए। फाली लगा कुंतरी के बलवंत सिंह का एक बेटा परिवार के साथ दूसरे शहर में रहता है और दूसरा पुत्र कुंवर सिंह, पत्नी और जुड़वा बेटों के साथ गांव में रहते थे।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109